संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

21 जुलाई 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 296

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

बिहार में भारी बारिश का कहर, रेलवे ट्रैक डूबे, ट्रेनें ठप

पटना । बिहार के कई जिलों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लखीसराय में जमालपुर-किऊल रेल रूट पर कजरा के पास रेलवे ट्रैक डूब जाने से भागलपुर-सूरत सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनें दो घंटे तक रुकी रहीं, जिसके बाद उन्हें धीमी गति से रवाना किया गया। मुंगेर के जमालपुर रेल कारखाना के वर्कशॉप्स में पानी भर जाने से काम ठप हो गया है।

संसद में सवाल, बाहर बवाल

चढ़ावा चोरी, पेपर लीक को लेकर सदन में हंगामा

मार्च पर पुलिस ने बरसायी आंसू गैस की गोलियां और लाठियां

एजेंसी

नई दिल्ली । मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के हंगामे के चलते कार्यवाही नहीं चल पाई। लोकसभा और राज्यसभा को छह बार स्थगित करना पड़ा। विपक्षी सांसद नीट पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कुछ सांसद पोस्टर-बैनर लेकर सदन के अंदर आए। मल्लिकार्जुन खडगे ने राज्यसभा में जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा की। खडगे ने कहा- जंतर-मंतर पर बच्चे इकठ्ठा हुए, उनकी आवाज को दबाया जा रहा। सरकार ने उन पर लाठीचार्ज किया। उधर हंगामे के बीच लोकसभा में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। दोपहर 3 बजे लोकसभा का कार्यवाही फिर से शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के 'संसद चलो' अभियान को लेकर दिल्ली में जंतर मंतर से लेकर संसद तक हंगामा मचा रहा। नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर बैरिकेड्स पार करके संसद की ओर बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस और हल्का बल प्रयोग किया, जिसमें कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। हजारों समर्थक जंतर-मंतर पर जमा हुए, जहां विपक्षी नेता प्रदर्शन में शामिल हुए, हालांकि बाद में जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटा दिया और जंतर मंतर खाली करवा दिया। इस बीच सीजेपी के संसद चलो अभियान का असर संसद की कार्यवाही पर भी दिखी। इस मुद्दे पर संसद में भी हंगामा होता रहा और कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गयी। कॉकरोच जनता पार्टी ने दावा किया कि उसके नेता अभिजीत दीपके को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इस दावे से इनकार किया है। इस बीच कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद के मानसून सत्र के दौरान आरोप लगाया। सोमवार को संसद के मानसून सत्र के दौरान, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कथित नीट पेपर लीक का मुद्दा उठाया और दावा किया कि जंतर-मंतर पर छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर लाठीचार्ज हुआ था। सदन को संबोधित करते हुए, खरगे ने कहा, यह छात्रों से जुड़ा मामला है; मैं लाखों बच्चों के भविष्य के बारे में बोल रहा हूं। इस कारण से हजारों छात्र जंतर-मंतर पर जमा हुए हैं। वहां लाठीचार्ज हुआ है। सरकार बल प्रयोग करने, आवाज दबाने और गाड़ी चलाने की कोशिश कर रही है। उन्हें दूर करो।

प्रदर्शन में घायल 65 लोग अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली । कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान घायल हुए 65 लोगों को राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) में भर्ती कराया गया है। इनमें प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। आरएमएल अस्पताल प्रशासन के अनुसार शाम 7 बजे तक सर्जरी विभाग में कुल 65 मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) लाए गए। इनमें प्रदर्शनकारी और कुछ पुलिसकर्मी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है, जबकि मामलों की विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

वांगचुक ने अनशन जारी रखने का किया ऐलान

नई दिल्ली । शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर अनशन पर बैठे पर्यावरणविद सोनम वांगचुक ने अपना अनशन जारी रखने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं के साथ हुई कथित बर्बरता को देखते हुए उन्होंने अनशन समाप्त नहीं करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार और पुलिस से छात्रों को संसद के समक्ष अपनी शिकायतें रखने की अनुमति देने की अपील की है।

श्रावणी मेला को लेकर मंत्री इरफान अंसारी ने की समीक्षा बैठक, कहा-

35 स्वास्थ्य शिविर, 41 एम्बुलेंस और 150 से अधिक बेड के साथ चौबीसों घंटे मिलेगी चिकित्सा सुविधा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। राजकीय श्रावणी मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, आपदा प्रबंधन तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ने की। बैठक में मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और महामारी रोकथाम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि श्रावणी मेला के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और कांवरियों को 24 घंटे निर्बाध स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला अवधि में किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाएं पूरी मुस्तैदी के साथ संचालित हों।

उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में कुल 35 स्वास्थ्य शिविर संचालित किए जाएंगे। इनमें 32 स्वास्थ्य केंद्र चौबीसों घंटे सेवा देंगे, जहां डॉक्टर, पैरामेडिकल कर्मी, ऑक्सीजन, आवश्यक दवाएं और एम्बुलेंस हर समय उपलब्ध रहेंगे। वहीं तपोवन, खरगडीहा और त्रिकुट पहाड़ के तीन स्वास्थ्य केंद्र प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे।

अस्थायी मेला अस्पताल के रूप में पुराने सदर अस्पताल में 50 बेड और नए सदर अस्पताल में 100 बेड तैयार रखे गए हैं। इसके अलावा दुम्मा, बीएड कॉलेज, कुमैठा और नेहरू पार्क में 10-10 बेड वाले स्वास्थ्य शिविर बनाए गए हैं। आध्यात्मिक भवन, शिवगंगा, नंदन पहाड़, कोठिया बस स्टैंड, हथगढ़ बस स्टैंड, सुविधा केंद्र, हिंदी विद्यापीठ, बाघमारा बस स्टैंड और गिधनी में पांच-पांच बेड की व्यवस्था रहेगी। बाबा मंदिर और क्यू कॉम्प्लेक्स में दो-दो बेड वाले त्वरित प्राथमिक उपचार केंद्र बनाए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 21 प्राथमिक उपचार केंद्र भी लगातार सेवा देंगे।

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नए और पुराने सदर अस्पताल में 50 बेड आरक्षित रखे गए हैं। साथ ही शहर के निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम और आईएमए के सहयोग से 100 अतिरिक्त इमरजेंसी बेड भी बैकअप के रूप में उपलब्ध रहेंगे। डायरिया के मरीजों के इलाज के लिए पुराने सदर अस्पताल स्थित आई हॉस्पिटल के भूतल पर 20 बेड का विशेष वार्ड तैयार किया गया है। श्रद्धालुओं की त्वरित चिकित्सा सुविधा के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 41 एम्बुलेंस तैनात की जाएंगी। इनमें सदर अस्पताल की एम्बुलेंस, टोटो एम्बुलेंस, चलंत चिकित्सा दल और विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों में तैनात एम्बुलेंस शामिल हैं।

राम मंदिर चंदा चोरी मामला

यह अपराध का मामला है राजनीति का नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली । अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं से मिले दान में कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने साफ संकेत दिया है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और पेशेवर तरीके से होनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से एसआईटी के पुनर्गठन पर आवश्यक निर्देश लेने को कहा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि इस पूरे मामले को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए और जांच अपने तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईटी मामले की जांच कर रही है, मेहता ने कहा कि सच्चाई का पता लगाने के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। अब इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। एसआईटी ने अभी पाया कि यह एक संज्ञेय अपराध है।

जम्मू-कश्मीर में बारिश से 12 लोगों की मौत अमरनाथ और वैष्णो देवी की यात्रा रोकी गईं

एजेंसी

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त किया है। अमरनाथ, माता वैष्णो देवी और शिव खोड़ी की पवित्र गुफा-मंदिरों की यात्राएं सोमवार को लगातार दूसरे दिन रोक दी गईं। इस दौरान पुंछ और राजौरी जिलों में भूस्खलन व अचानक आई बाढ़ के कारण करीब 12 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लापता बताए जा रहे हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 24 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर में मध्यम से भारी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त कर अलर्ट जारी किया है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि रविवार से जारी भारी बारिश और कुछ इलाकों में बादल फटने की घटनाओं के बाद कदम उठाया गया है। जम्मू, कठुआ, सांबा, उधमपुर और रामबन सहित विभिन्न आधार शिविरों में सैकड़ों श्रद्धालु फंसे हुए हैं। अमरनाथ यात्रियों को श्रीनगर की ओर बढ़ने से रोका गया है।

हाईकोर्ट ने सज़ा समीक्षा बोर्ड की बैठक में देरी पर सरकार से मांगा जवाब

संवाददाता

रांची । झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से सजा पुनरीक्षण बोर्ड (स्टेट सेंटेंस रिव्यू बोर्ड) की बैठक समय पर नहीं होने पर जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा कि जब उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार बोर्ड की बैठक प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जानी है, तो निर्धारित अवधि में बैठक क्यों नहीं हुई।

न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि सजा पुनरीक्षण बोर्ड की पिछली बैठक मार्च 2026 में आयोजित की गई थी। हालांकि, कुछ कारणों से जून माह में होने वाली अगली बैठक नहीं हो सकी। सरकार ने यह भी जानकारी दी कि बोर्ड की अगली बैठक 30 जुलाई को निर्धारित की गई है। इस पर उच्च न्यायालय ने बैठक में हुई देरी का कारण स्पष्ट करने का निर्देश देते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही अदालत ने 30 जुलाई को प्रस्तावित सजा पुनरीक्षण बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णयों की विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट भी अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

एक्साइज ड्यूटी घटने का लाभ ठेकेदार नहीं रख सकता, जेयूवीएनएल को मिलेगा : हाईकोर्ट

रांची (एजेंसी)। झारखंड उच्च न्यायालय ने एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि किसी अनुबंध के दौरान एक्साइज ड्यूटी की दर में कमी आती है, तो उसका लाभ ठेकेदार अपने पास नहीं रख सकता। ऐसी स्थिति में कर में हुई कमी का लाभ नियोक्ता संस्था को मिलेगा। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज की रिट याचिका खारिज करते हुए यह निर्णय दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जेयूवीएनएल) द्वारा ठेकेदार के बिल से 18,49,682 रुपये की की गई कटौती पूरी तरह वैध है। इसलिए याचिकाकर्ता इस राशि की वापसी का हकदार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि यदि कर की दर बढ़ने पर अतिरिक्त वित्तीय भार जेयूवीएनएल वहन करता है, तो कर में कमी आने पर उसका लाभ भी उसी संस्था को मिलना चाहिए। यदि कर में कमी का लाभ ठेकेदार को रखने दिया जाए, तो यह अनुचित आर्थिक लाभ (अनजस्ट एनरिचमेंट) की स्थिति होगी, जिसे कानून स्वीकार नहीं करता।

दुमका में ड्रोन कैमरे से पत्थर खदानों की जांच शुरू

सुमन सिंह

दुमका। जिले में अवैध खनन पर प्रभावी निगरानी और खनन गतिविधियों की सटीक जांच के लिए अब ड्रोन तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। सोमवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम ने गोपीकांदर प्रखंड स्थित दो पत्थर खदानों की ड्रोन कैमरे से जांच की। इस दौरान खदानों का हवाई सर्वे कर उनकी वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया।

खनन विभाग के सूत्रों के अनुसार अनुसार मंगलवार को शिकारीपाड़ा क्षेत्र की पत्थर खदानों की भी ड्रोन कैमरे से जांच की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार जिले के अन्य क्षेत्रों की खदानों का भी इसी तकनीक से सर्वे किया जाएगा।

ड्रोन सर्वे के माध्यम से खदान की वास्तविक सीमा, खुदाई की गहराई, स्वीकृत लीज क्षेत्र के बाहर खनन, खनन की वर्तमान स्थिति एवं पर्यावरणीय मानकों के पालन की सटीक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। हवाई तस्वीरों और वीडियो के आधार पर यह भी पता लगाया जा सकता है कि कहीं अवैध रूप से खनिज का उत्खनन तो नहीं किया गया है, खदान के आसपास सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं तथा खनन से आसपास के क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार ड्रोन सर्वे से खदानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होता है, जिससे विभाग को पुराने और वर्तमान स्वरूप की तुलना करने में आसानी होती है। इससे अवैध खनन, निर्धारित सीमा से अधिक उत्खनन, बिना अनुमति खदान के विस्तार और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन जैसे मामलों की पहचान अधिक सटीक ढंग से की जा सकती है।

आवश्यकता पड़ने पर इन डिजिटल साक्ष्यों का उपयोग आगे की प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई में भी किया जा सकता है।

खनन विभाग के सूत्रों का मानना है कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से निगरानी व्यवस्था अधिक पारदर्शी और प्रभावी होगी और अवैध खनन पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

वन क्षेत्रों का डिजिटल रिकॉर्ड एक माह में तैयार करें : हेमंत

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। बैठक में राज्य के वन संसाधनों के संरक्षण, विकास और वैज्ञानिक प्रबंधन को नई दिशा देने को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य गठन के बाद से अब तक के सभी वन क्षेत्रों का टेक्निकल और डिजिटल रिकॉर्ड एक माह के भीतर तैयार किया जाए।

उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था विकसित हो, जिससे एक क्लिक पर पूरे राज्य के वन क्षेत्रों का अवलोकन कर उनके वास्तविक स्वरूप, संरचना और वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध हो सके, इसके लिए वन क्षेत्रों के डिजिटल मैप की लेयरिंग सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद वन क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। कहीं वनों का विस्तार हुआ है तो

कहीं इको-टूरिज्म परियोजनाएं और गेस्ट हाउस विकसित हुए हैं। दूसरी ओर, वनों की कटाई, खनन क्षेत्रों के विस्तार और वन्यजीव अभयारण्यों एवं राष्ट्रीय उद्यानों की सीमाओं में भी बदलाव देखने को मिले हैं। ऐसे में वन क्षेत्रों का अद्यतन एवं वैज्ञानिक डिजिटल दस्तावेज तैयार करना समय की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि वनों की सुरक्षा और उनका सतत विकास राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाने और सूखे एवं अनुपयोगी पेड़ों की वैज्ञानिक तरीके से कटाई की योजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक नए पौधे लगाए जा सकें और हरित आवरण में निरंतर वृद्धि हो।

डेंगू से जंग में भारत को मिली पहली वैक्सीन, क्यूडेंगा को मंजूरी

● 4 से 60 वर्ष आयु वर्ग के लिए उपयोगी, चारों डेंगू वायरस सीरोटाइप से सुरक्षा का दावा

एजेंसी

नई दिल्ली/इंदौर । डेंगू की रोकथाम के क्षेत्र में भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया

(डीसीजीआई) ने टाकेडा की डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा को देश में बाजार में उतारने की मंजूरी दे दी है। यह भारत में मंजूरी पाने वाली पहली डेंगू वैक्सीन है।

यह मंजूरी ऐसे समय मिली है, जब पिछले दो दशकों में देश में डेंगू के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। वैक्सीन को 4 से 60 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में डेंगू संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वीकृति मिली है। खास बात यह है कि इसे लगाने से पहले डेंगू संक्रमण की जांच कराने की जरूरत नहीं होगी।

क्यूडेंगा को डेंगू वायरस के सभी चार सीरोटाइप से सुरक्षा देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। कंपनी के अनुसार, यह वैक्सीन उन लोगों के लिए भी उपयोग की जा सकती है जिन्हें पहले डेंगू संक्रमण हो चुका है और उनके लिए भी जिन्हें संक्रमण नहीं हुआ है।

छोटे व मध्यम अखबारों को जीएसटी से मुक्त किया जाय : एसोसिएशन

- रांची में ऑल इंडिया न्यूजपेपर्स पब्लिसर्स एंड एडिटर्स एसोसिशन की बैठक
- एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से मिलेगा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
रांची। ऑल इंडिया न्यूजपेपर्स पब्लिशर्स एंड एडिटर्स एसोसिएशन की बैठक सोमवार को प्रेस क्लब में हुई। इस बैठक में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अखबारों के संचालन में आ रही व्यावहारिक और वित्तीय समस्याओं पर चर्चा की गयी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अशोक कुमार ने कहा कि यह पहल सरकार के विरोध में नहीं, बल्कि प्रकाशकों और संपादकों की पीड़ा को सरकार तक पहुंचाना का है। उन्होंने बताया कि समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली जाकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, विभागीय मंत्री और उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेगा।

बैठक में वक्ताओं ने 75 हजार से कम प्रसार संख्या वाले अखबारों को जीएसटी और जटिल प्रक्रियाओं से छूट देने की मांग की । अखबार ही एकमात्र ऐसा उत्पाद है जो अपनी लागत से काफी कम कीमत पर बिकता है और पाठकों से जीएसटी नहीं वसूला जाता।

पूर्व व्यवस्था की बहाली- प्रेम शंकरण, श्री राम अंबष्ठ, प्रशांत कुमार और सुमन कुमार सिंह ने बार-बार नियम बदलने पर चिंता जताई और पूर्व की व्यवस्था लागू करने की मांग की। सुझाव दिया गया कि यदि जीएसटी अनिवार्य है, तो इसे न्यूजप्रिंट निर्माताओं और विज्ञापनदाताओं से एट सोर्स पर ही वसूला जाए। नित्यानंद शुक्ला,, अनुपम शशांक, राज किशोर सिन्हा और विनय कुमार ने जीएसटी को पूरी तरह समाप्त करने की वकालत की।

इकबाल शबा ने कहा कि पहले सरकार अखबारी कागज पर अनुदान देती थी, जबकि अब जीएसटी वसूला जा रहा है। साथ ही राज्य स्तर पर एमपैनलमेंट की परेशानियों और प्रिंटिंग प्रेस से अनुमोदन की शर्त को हटाने की मांग की ।

पारदर्शिता और संगठन की मजबूती- नित्यानंद शुक्ला ने आवेदन अस्वीकृत होने पर उसका कारण सार्वजनिक करने और व्यापक सदस्यता अभियान चलाने की बात कही। संपूर्णानंद भारती और हिमांशु ने संगठन की एकजुटता पर बल दिया।

संगठनात्मक निर्णय-

संगठन को मजबूत बनाने और आधिकारिक दर्जा देने के लिए इसके विधिवत पंजीयन का निर्णय लिया गया। इसके तहत अशोक कुमार, कमल किशोर, प्रेम शंकरण, रजत कुमार गुप्ता, अनुपम शशांक और एकबाल शबा को शामिल कर एक तदर्थ कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई गई। सदस्यता फॉर्म तैयार करने की जिम्मेदारी रोहित दत्त को अस्थायी कोष संग्रह के लिए संदीप कुमार को अधिकृत किया गया।

इस विषय में पूर्व के घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए कमल किशोर ने कहा कि पिछली बार के दिल्ली दौरे में जो कुछ भी उपलब्धियां हासिल हुई थी वह इसी एसोसिएशन के शिष्टमंडल की वजह से हो पाया था। उन्होंने जीएसटी और प्रेस संबंधी मुद्दों पर भी व्यावहारिक तकनीकी मुद्दों का विस्तार से उल्लेख करते हुए सदस्यों से एकजुटता बनाये रखते हुए संगठन को और विस्तार देने की अपील की। इन प्रयासों का मकसद समाचार पत्रों को प्रकाशन में व्यवधानों को सरकार से मिलकर दूर करना है।

हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से दो स्कूली छात्रों की मौत, सात घायल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में दो स्कूली छात्रों की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि सात अन्य छात्र घायल हो गए। हादसा कोटेंगसेरा स्थित मौसीबाड़ी के समीप उस समय हुआ, जब लंच ब्रेक के दौरान कुछ छात्र वहां खड़े एक रथ को घुमाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान रथ का ऊपरी हिस्सा 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे पूरा रथ करंट की चपेट में आ गया और मौजूद नौ छात्र झुलस गए।मृतकों की पहचान चंदन कुमार (16 वर्ष), निवासी पेट्रोल पंप क्षेत्र, तोरपा तथा तारकेश्वर महतो (15 वर्ष), निवासी दुराटोली के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर अवस्था में पहले तोरपा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, खूंटी रेफर किया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।घायलों में अरमान आलम (16 वर्ष, तोरपा), सूजय लुहरा (17 वर्ष, सैयसेरा), नीलय एक्का, पंकज राम (16 वर्ष), रुपेश कुमार, गिरिराज यादव तथा कमलेश गोप शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज तोरपा रेफरल अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विद्यालय में दोपहर का लंच ब्रेक चल रहा था। इसी दौरान कुछ छात्र स्कूल परिसर से निकलकर मौसीबाड़ी के समीप पहुंचे, जहां एक रथ खड़ा था। छात्र रथ को घुमाने अथवा आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे थे। तभी उसका ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन से छू गया। इसके बाद रथ में तेज करंट प्रवाहित हो गया और उसके संपर्क में आए सभी छात्र उसकी चपेट में आ गए।

धनबाद में भूधसान से ग्रामीणों में दहशत,भराई कराने की मांग

संताल एक्सप्रेस
धनबाद। धनबाद-बोकारो फोरलेन पर तेलमोच्चो बाजार के समीप रविवार रात अचानक भू- धंसान हो गई। सोमवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना तेलमोच्चो पंचायत की मुखिया मीरा कुमारी एवं जिला परिषद सदस्य आशा देवी को दी। सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य आशा देवी घटनास्थल पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में पूर्व में निजी कंपनी एवं बीसीसीएल द्वारा कोयला खनन किया गया था। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा अवैध खनन भी किए जाने की बात सामने आती रही है। इसी कारण हर वर्ष बरसात के दौरान भारी बारिश होने पर यहां भूधंसान की घटनाएं होती रहती हैं। आशा देवी ने बीसीसीएल प्रबंधन से मांग किया कि संबंधित अधिकारी शीघ्र घटनास्थल का निरीक्षण कर भू-धंसान वाले स्थान की भराई कराएं।

रिम्स की गवर्निंग बॉडी की बैठक से पहले मंत्री और केंद्रीय मंत्री में तकरार

संताल एक्सप्रेस रांची। रिम्स की गवर्निंग बाडी की बैठक मंगलवार को होगी। रिम्स के नए प्रभारी निदेशक डा डीके सिन्हा के बनने के बाद यह पहली बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता शासी परिषद के अध्यक्ष सह राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी करेंगे। इस बार बैठक में करीब दो दर्जन से ज्यादा एजेंडों पर चर्चा और फैसले हो सकते हैं। इनमें अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने, विकास कार्यों, प्रशासनिक सुधार, मानव संसाधन, वित्तीय मामलों तथा मरीजों की सुविधाओं से जुड़े कई अहम प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।यह बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि 12 जून को प्रस्तावित शासी परिषद की बैठक नहीं हो सकी थी। उस समय तैयार किए गए एजेंडे अब भी लंबित हैं और उन्हें इस बैठक में रखा जाएगा। रिम्स प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों से एजेंडा तैयार कर परिषद के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। रिम्स राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल और मेडिकल कालेज है। यहां प्रतिदिन हजारों मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में शासी परिषद की बैठक से मरीजों और चिकित्सकों दोनों को कई अहम फैसलों की उम्मीद है।महत्वपूर्ण एजेंडों में रिम्स में एमबीबीएस सीटें 180 से बढ़ाकर 250 किए जाने के बाद आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था। एनएमसी मानकों के अनुरूप फैकल्टी और अन्य मानव संसाधनों की नियुक्ति। विभिन्न विभागों में चिकित्सकों एवं कर्मियों के लंबित पदों को भरने की प्रक्रिया। नए ओपीडी भवन और पुनर्विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा। अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद और स्थापना। मरीजों के लिए दवा, जांच और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रस्ताव। वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियों से जुड़े विषय। अस्पताल की साफ-सफाई, सुरक्षा, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन तथा अन्य संचालन संबंधी मुद्दे।

जेपीएससी परीक्षा में धांधली का आरोप 22 जुलाई को घेराव करेगा भाजयुमो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने 14वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार और आयोग पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई, जिससे लाखों अभ्यर्थियों में नाराजगी है। आदित्य साहू ने सोमवार को कहा कि जारी मार्कशीट में संबंधित अधिकारियों और आयोग के सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं हैं।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अभ्यर्थियों को आरटीआई के माध्यम से ओएमआर शीट की प्रति नहीं दी जा रही है और वेबसाइट पर भी इससे जुड़े रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लाखों युवाओं ने मेहनत से परीक्षा दी है, इसलिए पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। युवाओं के भविष्य से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। इन मुद्दों को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा 22 जुलाई को जेपीएससी कार्यालय का घेराव करेगा।सुबह 10 बजे जयपाल सिंह स्टेडियम में कार्यकर्ता जुटेंगे ।

पूर्व रेलवे

सं.: ओ/एसी/टी/110 खोन 111/26-27 (ओपन), माहित 15.07.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको फान्डाव लागित् ई-ठिकाको (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रमांक 1, केस सं.:** ओ-एसी-टी-110-26-27; **कामी रेयाक् जुतुमः** सीनि. डीईएन/I/आसनसोल तारी रे एईएन/एचक्यू/आसनसोल रेयाक् अधिकार टोठा रे आसनसोल रेयाक् एमईएमयू शेड रे रेक साफय लागित् दाक् जोगाव टंकी आर शेड भितरी रे 800 मीटर टोठा रे ड्रेन नावांआरोय लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 1,02,54,027.86। **बायना पायसाः** रु. 2,05,100; **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 06 चान्दो। **क्रमांक 2, केसा सं.:** ओ-एसी-टी-111-26-27; **कामी रेयाक् जुतुमः** डीईएन/4/आसनसोल रेयाक् अधिकार टोठा तारी रे चरण-II रे अंडाल रेयाक् दामोदर साऊथ कॉलोनी रे दुवारको आर जालनाको सांवते क्वार्टरको सुधार, साफ-साफीय कामी आर एमान तेयाक् सोंगे कामीको लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 2,34,86,392.33। **बायना पायसाः** रु. 4,69,700; **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 12.08.2026 हिलोक् 12.00 बजे (बानार लागित्)। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-184/2026-27)

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

108 एंबुलेंस लापरवाही मामला में थाना प्रभारी पहुंचे मृतक के घर, जांच शुरू

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले में 108 एंबुलेंस सेवा में कथित लापरवाही से हुई मरीज की मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार को पटमदा थाना प्रभारी विष्णुचरण भोगता जांच के सिलसिले में जोड़सा गांव स्थित मृतक संतोष कुंभकार के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की। पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था तथा अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में कर दिया गया था। इसके बाद थाना प्रभारी श्मशान घाट पहुंचे और वहां से राख के नमूने एकत्र किए। पुलिस का कहना है कि इन नमूनों को जांच के लिए रांची स्थित फॉरेंसिक प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

एसआईआर को लेकर कांग्रेस गंभीर, किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटने देंगे : के. राजू

संताल एक्सप्रेस
रांची। एआईसीसी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू ने सोमवार को रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया एंड क युनिकेशन विभाग तथा सोशल मीडिया विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में दोनों विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। इसमें मीडिया एवं सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।बैठक को संबोधित करते हुए के. राजू ने कहा कि एसआईआर को लेकर कांग्रेस पूरी तरह गंभीर है और पिछले कई महीनों से राज्यभर में इस अभियान पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने 21 हजार से अधिक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एसआईआर को लेकर पूरी तरह सजग और सक्रिय है।के. राजू ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट संकल्प है कि किसी भी पात्र नागरिक का मतदान का अधिकार बिना किसी वैध कारण के प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ता मतदाता सूची के पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखे हुए हैं और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में षड्यंत्रपूर्वक मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाने का प्रयास किया है और अब झारखंड में भी वैसी ही कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता पूरी सतर्कता के साथ इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहा है और किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना उचित कारण के मतदाता सूची से हटने नहीं दिया जाएगा। के. राजू ने कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका रही है। उनके अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की थी, जिससे देश के करोड़ों युवाओं को मतदान का अधिकार मिला। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने युवाओं को यह अधिकार दिलाया, उसी पार्टी का दायित्व है कि वह प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा भी सुनिश्चित करे।बैठक के बाद प्रदेश मीडिया संयोजक डॉ. एम. तौसीफ ने बताया कि के. राजू ने मीडिया और सोशल मीडिया विभाग को निर्देश दिया है कि एसआईआर से जुड़े तथ्यों और कांग्रेस के पक्ष को प्रभावी ढंग से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मीडिया एंड क युनिकेशन विभाग की समीक्षा बैठक प्रत्येक माह की तीन तारीख को नियमित रूप से आयोजित की जाए।

जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में एसएफआई - डीवाईएफआई ने किया प्रदर्शन

रांची । दिल्ली में जंतर मंतर पर 20 दिनों से अनशनरत सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और आंदोलनकारी छात्र युवाओं पर दिल्ली पुलिस की बर्बरता के खिलाफ के खिलाफ व शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में चल रहे आंदोलन के समर्थन में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और डेमोक्रेटिक युथ फेडेरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को फिरायालाल चौक पर विरोध मार्च निकाल किया विरोध प्रदर्शन. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला जलाकर आक्रोश व्यक्त किया. प्रदर्शन में शामिल सैकड़ों छात्र युवाओं को संबोधित करते हुए नेताओं कहा कि आज दिल्ली में छात्र युवाओं के जनसैलाब से मोदी सरकार को समझ जाना चाहिए कि अब देश का छात्र नौजवान जाग चुका है. पर्यावरणविद श्री सोनम वांगचुक द्वारा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा को लेकर पिछले 20 दिनों से नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। केन्द्र सरकार द्वारा उनकी मांगों पर विचार करने और वार्ता करने के बजाय मोदी सरकार की तानाशाही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. दिल्ली छात्रों के हुजूम पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया है. जो लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है. नीट पेपर लीक के दोषी शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तक संघर्ष जारी रहेगा. करोड़ों विद्यार्थियों के जीवन एवं भविष्य से जुड़े गंभीर प्रश्नों की लगातार अनदेखी की कड़ी निंदा करती है।इस आंदोलन को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के साथ साथ अनेक वामपंथी छात्र एवं युवा संगठनों का समर्थन प्राप्त है। यह आंदोलन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) में व्याप्त संरचनात्मक भ्रष्टाचार और उसकी लगातार विफलताओं के खिलाफ है। नीट प्रश्नपत्र लीक तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं वर्तमान शासन के तहत परीक्षा एवं भर्ती प्रणाली के लगातार पतन का प्रतीक बन चुकी हैं।

सोनम वांगचुक के समर्थन में आप का धरना, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

जमशेदपुर। आम आदमी पार्टी (आआपा) की पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई ने सोमवार को समाहरणालय परिसर के बाहर धरना-प्रदर्शन कर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में आवाज बुलंद की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के बाद पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्ची के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शिता और जनहित के मुद्दों पर हमेशा मजबूती से खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए उठने वाली आवाजों को दबाने के बजाय उन पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।अभिषेक कुमार ने कहा कि पार्टी ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की ओर से उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है। साथ ही, नीट परीक्षा से जुड़े विवादों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की।धरना-प्रदर्शन में पार्टी के जिला पदाधिकारियों के अलावा विधानसभा, प्रखंड और नगर इकाइयों के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय प्रतिभाओं का सृजनात्मक संगम का समापन

रांची । सरला बिरला पब्लिक स्कूल, राँची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय अंतर-विद्यालयी अंतरविषयी कला महोत्सव 'प्रतिध्वनि 4.0' का उल्लासपूर्ण एवं गरिमामय समापन हुआ। देश के विभिन्न विद्यालयों से आए युवा प्रतिभागियों ने इस राष्ट्रीय मंच पर साहित्य, प्रदर्शन कला, आलोचनात्मक चिंतन और रचनात्मक अभिव्यक्ति के विविध आयामों में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर मुखर्जी पी. के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव ने विद्यार्थियों को अंतर्विषयी शिक्षा, सहयोगात्मक अधिगम तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से सीखने, विचारों का आदान-प्रदान करने और नई संभावनाओं का अन्वेषण करने का अनूठा अवसर प्रदान किया। विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी।

जी डी गोयनका स्कूल में श्रीजगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन

रांची । जी डी गोयनका स्कूल, रांची के सुंदर एवं सुसज्जित परिसर में आज भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का दिव्य आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय का संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के दर्शन कर स्वयं को धन्य अनुभव किया।इसके उपरांत रांची इस्कॉन के मुख्य प्रबंधक प्रभु मधुसूदन मुकुंद दास, विद्यालय के वाइस चेयरमैन अमन सिंह, प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार तथा हेड मिस्ट्रेस रुमासेन गुप्ता ने भगवान का पूजन-अर्चन किया।

कलकत्ता पब्लिक स्कूल में कैरियर फेयर आयोजित

रांची । कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी के सभागार में एक वृहद कैरियर फेयर आयोजित की गई, जिसमें स्कूल के 11वीं एवं 12 वीं कक्षा के 200 से अधिक संख्या में छात्र सम्मिलित हुए। कैरियर फेयर में सम्मिलित सिक्किम मणिपाल विश्वविद्यालय ; कलिंगा यूनिवर्सिटी, अलायंस यूनिवर्सिटी, पिम्परी चिंचवाड यूनिवर्सिटी पूणे, एसआरएम अपोलो, एमआईटी-डब्ल्यू पीयू सहित अन्यान्य संस्थानों के कैरियर काउन्सिलर ने 12 वीं वर्ग के बाद विभिन्न संवर्गो के विभिन्न पाठ्यक्रम के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई।

डूरंड कप से पहले मोरहाबादी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

रांची। रांची नगर निगम की ओर से भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होने वाले डूरंड कप मुकाबलों की तैयारियों के तहत सोमवार को मोरहाबादी क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान होटल पार्क प्राइम से टीआरआई और अंतु चौक तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए गए। सरकारी भूमि को भी कब्जामुक्त कराया गया।इस अवसर पर अभियान निरीक्षण अपर नगर आयुक्त संजय कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर दोबारा अतिक्रमण न होने पाए और नियमित निगरानी रखकर नए कब्जों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। नगर निगम की टीम ने छह अस्थायी संरचनाएं, बैरिकेडिंग, अवैध होर्डिंग, विज्ञापन बोर्ड, ठेला-खोमचे और अन्य अवैध अतिक्रमण हटाए। एक निजी प्ले स्कूल की ओर से सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया गया। इसके अलावा अवैध टाइल्स फ्लोरिंग तोड़ी गई और झाड़ियों की सफाई कर क्षेत्र को व्यवस्थित किया गया।

50 करोड़ रुपये के सहकारिता बैंक ऋण घोटाला मामले में डालमिया को हाई कोर्ट से जमानत

रांची। झारखंड राज्य सहकारिता बैंक की सरायकेला शाखा से कथित 50 करोड़ रुपये के ऋण घोटाला मामले के आरोपित व्यवसायी संजय कुमार डालमिया को झारखंड उच्च न्यायालय से राहत मिली है। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उनकी जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत दे दी। मामले में प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरभ कुमार ने पक्ष रखा। इससे पहले संजय कुमार डालमिया ने चाईबासा स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में जमानत के लिए आवेदन किया था, लेकिन विशेष अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने उस आदेश को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी, जहां से उन्हें राहत मिली।मामला झारखंड राज्य सहकारिता बैंक की सरायकेला शाखा में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। इस संबंध में 22 अगस्त 2019 को सरायकेला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि व्यवसायी संजय कुमार डालमिया ने विभिन्न कंपनियों के नाम पर बैंक से करीब 50 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त किया, जिसे बाद में वापस नहीं किया गया।

नशा मुक्ति मैराथन के विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए

रांची । रिनपास, कांके, रांची द्वारा अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित प्रथम नशा मुक्ति मैराथन के विजेताओं एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।प्रमाण-पत्रों का वितरण निदेशक, रिनपास डॉ. जयति सिमलाई, उप निदेशक मिथिलेश कुमार चौधरी , तथा चिकित्सा अधीक्षक, रिनपास द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई देते हुए नशामुक्त, स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण में उनके योगदान की सराहना की।रिनपास की इस पहल का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जनजागरण करना है।

कोयला खदान पहुंचे फिल्मकार- सूर्यदेव सिंह की जीवनी पर बन रही फिल्म

धनबाद। जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम, उनकी पत्नी मिनी सिद्धार्थ गौतम, बीसीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य संजीत सिंह और फिल्मकार टीम ने सोमवार को बरोरा क्षेत्र की एएमपी कोलियरी का दौरा किया। टीम ने करीब 2 घंटे तक अंदर रहकर श्रमिकों के खनन कार्य को देखा।यह दौरा स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की जीवनी पर बन रही बायोपिक फिल्म के सिलसिले में था। फिल्म के निर्देशक और कलाकारों ने खदान की बारीकियों को समझने के लिए यह भ्रमण किया। टीम में दया शंकर, रीता घोष, अंकुर त्रिपाठी और सायली भोगले सहित कई लोग शामिल थे।इस मौके पर ब्लॉक दो एवं बरोरा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने टीम का स्वागत किया।

कतरास में जलजमाव के विरोध में जल सत्याग्रह

धनबाद। कतरास पचगढ़ी बाजार में लगातार जल जमाव के विरोध में विधायक शत्रुघ्न महतो भाजपा द्वारा आयोजित जल सत्याग्रह आंदोलन में भाग लिया एवं धरने पर बैठ गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा ने की। विधायक शत्रुघ्न महतो ने नगर विकास मंत्री, उपायुक्त एवं नगर आयुक्त से दूरभाष पर वार्ता कर कतरास पचगढ़ी की गंभीर स्थिति से अवगत कराया तथा अविलंब समाधान की मांग की। नगर आयुक्त के निर्देश पर कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर आलम धरना स्थल पहुंचे।विधायक के साथ वार्ता की. विधायक ने कहा कि 14 अगस्त 2025 को नगर निगम द्वारा तीन माह में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक वर्ष बाद भी स्थिति और बदतर हो गई है. उन्होंने अधिकारियों के साथ जाम नालियों का निरीक्षण कर शीघ्र जल निकासी की स्थायी व्यवस्था एवं गुणवत्तापूर्ण नाला निर्माण कराने की मांग की. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा स्थानीय व्यवसायियों एवं आम जनता के साथ अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगी।धरना में जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, टुनटुन गुप्ता, शैलेश बर्मन, विवेक हजारी, कुंदन सिंह, विनय पासवान,मुकेश झा सुधीर सिंह, पिंटर शर्मा,बबलू बनर्जी, प्रकाश राम गुप्ता, भरत शर्मा, कृष्णा भैया, अरुण गुप्ता आदि मौजूद थे।

धनबाद में एयरपोर्ट सहित विकास की अन्य योजनाओं को लेकर कल महा धरना

धनबाद। धनबाद में एयरपोर्ट सहित अन्य सुविधाओं की मांग के लिए 22 जुलाई को महाधरना होगा। इसमें सात विधायक तथा धनबाद व गिरिडीह के सांसद शामिल होंगे। धरना प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य धनबाद के विकास के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना है। उक्त जानकारी विधायक अरूप चटर्जी ने संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि धनबाद के लिए नई रेल सेवाएं, एयरपोर्ट, एम्स की तर्ज पर सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर सहित कई महत्वपूर्ण मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। आयोजकों ने धनबाद की जनता से बड़ी संख्या में धरना में शामिल होकर जिले के विकास की आवाज बुलंद करने की अपील की है।22 जुलाई को प्रस्तावित इस महाधरना में धनबाद से रोजाना के लिए मुंबई के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग प्रमुख रूप से उठेगी, ताकि कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके अलावा धनबाद-कटिहार, धनबाद-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस और धनबाद से सिलीगुड़ी के लिए नई रेल सेवा शुरू करने की भी मांग की जाएगी।धरना के दौरान तोपचांची के पास करीब 1300 एकड़ सरकारी भूमि पर एयरपोर्ट निर्माण का मुद्दा भी उठाया जाएगा।

बंगाल ज्वेलर्स लूटकांड : भाजपा नेताओं ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

संवाददाता गोड्डा । गोड्डा शहर स्थित बंगाल ज्वेलर्स में हुए चर्चित लूटकांड के बाद भाजपा के पूर्व विधायक अमित मंडल, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, महागामा नगर परिषद अध्यक्ष प्रमोद सोरेन, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।भाजपा नेताओं ने कहा कि इस तरह की आपराधिक घटनाएं आम लोगों और व्यापारियों के बीच भय का माहौल पैदा करती हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही कहा कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।नेताओं ने कहा कि व्यापारी समाज जिले की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाती रहेगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी घटना पर गहरा दुख जताते हुए कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि पूरे जिले की जनता उनके साथ खड़ी है और दोषियों को कानून के दायरे में लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए।

तालाब जीर्णोद्धार बना किसानों के लिए मुसीबत

नारायणपुर। किसानों की सुविधा के लिए कराया गया तालाब जीर्णोद्धार अब उनके लिए परेशानी का कारण बन गया है। नारायणपुर बाजार स्थित महतो (बड़ा) तालाब की खुदाई और जीर्णोद्धार के दौरान निकाली गई मिट्टी को आसपास के रैयती खेतों में डाल दिए जाने से जल निकासी बाधित हो गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है, जिससे कई खेत जलमग्न हो गए हैं और किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि कृषि हित में बनाए जाने वाले ऐसे तालाबों का उद्देश्य सिंचाई सुविधा बढ़ाना होता है, लेकिन लापरवाही के कारण इसका उल्टा असर देखने को मिल रहा है। खेतों में पानी जमा रहने और मिट्टी के ऊंचे ढेर बनने से जुताई का कार्य भी प्रभावित हो गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में लघु सिंचाई विभाग द्वारा नारायणपुर बाजार के बड़ा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने किया था। इस परियोजना का उद्देश्य किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें खेती के लिए पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। लेकिन संवेदक की कथित लापरवाही के कारण तालाब से निकाली गई मिट्टी खेतों में छोड़ दी गई, जिससे जल निकासी का रास्ता बंद हो गया। स्थानीय किसान केदार मंडल ने बताया कि खेत में मिट्टी का बड़ा ढेर होने के कारण अब तक जुताई नहीं हो सकी है। खेतों में पानी भरा हुआ है, जिससे धान की रोपाई समय पर होना मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द खेतों से मिट्टी हटाकर जमीन को समतल करने तथा जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि किसान समय पर खेती का कार्य शुरू कर सकें। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो इस वर्ष उनकी फसल पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।तालाब जीर्णोद्धार बना किसानों के लिए मुसीबत, खेतों में जलभराव से धान रोपाई प्रभावित

जामताड़ा में माझी परगना की बैठक

जामताड़ा । आगामी 9 अगस्त 2026 विश्व आदिवासी दिवस समारोह एवं गुरुजी मेमोरियल फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारी समीक्षा की गई, बैठक की अध्यक्षता अमिता टुडु ने की, बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सुनील कुमार बास्की, माझी परगना सरदार महासभा के अध्यक्ष सुनील कुमार हंस दा सेवा समिति के अध्यक्ष नरेंद्र आनंद टुडू, एवं विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र मुर्मू उपस्थित थे, बैठक में तैयारी की समीक्षा की गई, तत्पश्चात विगत 18 जुलाई को सड़क दुर्घटना में फतेह पुर मुरी डीह के रहने वाले झारखण्ड आंदोलन कारी नेता उमानाथ कोल की देहान्त हो गई, उनके आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई, और यह महसूस की गई कि उनके असमय निधन से पूरे आदिवासी समाज को क्षति हुई है, खासकर इसका असर कोल आदिवासिया ने पड़ेगा, चूंकि कोल समाज के अग्रणी नेता थे, आज की बैठक में मुखिया सुखे न दर टुडु , देवेन्द्र मुर्मू, अर्जुन सोरेन, बासुदेव मरांडी, सरोज हेम्ब्रम,नाजिर सोरेन, बलदेव मुर्मू, प्रदीप मरांडी, अमरजीत हेम्ब्रम मदन टुडु, कालेस्वर मरांडी, श्याम सोरेन, विजेंद्र मुर्मू, सुबोध न हंस दा,आदि मौजूद थे

बांग्लाप सावन की पहली सोमवारी पर उमड़े श्रद्धालुओं

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। बांग्ला सावन की पहली सोमवारी पर नाला प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल देवलेश्वर धाम, नाला नीचेपाड़ा स्थित बाबा कर्दमेश्वर मंदिर, गेडिया के कालिंजर धाम सहित विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह तड़के से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिरों में लगी रहीं और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।नाला प्रखंड के प्रमुख धार्मिक स्थल देवलेश्वर धाम में सुबह से ही जलार्पण का सिलसिला शुरू हो गया, जो दोपहर करीब तीन बजे तक लगातार जारी रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से पेयजल, पूजा व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजाम किए गए थे।सोमवारी के अवसर पर देवलेश्वर धाम परिसर में सावन मेले का भी आयोजन किया गया। मेले में फल-फूल, बेलपत्र, प्रसाद एवं पूजा सामग्री की अनेक दुकानें सजीं, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी की। मालूम हो कि रविवार को ही क्षेत्र के शिवभक्त महेशमुंडा स्थित अजय नदी घाट से जल संकल्प लेकर देवलेश्वर धाम के लिए रवाना हुए।

लकड़मारा डाह मध्यम सिंचाई योजना का एसडीओ ने किया निरीक्षण

मेहरमा। प्रखंड अंतर्गत लकड़मारा डाह मध्यम सिंचाई योजना में अनियमितता, घटिया गुणवत्ता के कार्य, कम खुदाई तथा स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किए जाने की शिकायत पर प्रशासन हरकत में आई। ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त को आवेदन देकर योजना की जांच की मांग की गई थी। उपायुक्त के निर्देश पर महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी सोमवार को लकड़मारा डाह मध्यम सिंचाई योजना स्थल पहुंचे और मामले की जांच की। इस दौरान उन्होंने स्थल का निरीक्षण कर कार्य की स्थिति का जायजा लिया तथा उपस्थित ग्रामीणों से शिकायतों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने योजना में कथित अनियमितताओं, कम खुदाई एवं घटिया निर्माण गुणवत्ता सहित अन्य बिंदुओं से एसडीओ को अवगत कराया। एसडीओ ने शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संबंधित बिंदुओं की जांच की और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

जेपीएससी में कथित धांधली के विरोध में भाजयुमो का मशाल जुलूस

22 जुलाई को रांची घेराव का ऐलान

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षाओं में कथित धांधली के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने सोमवार को मशाल जुलूस का आयोजन किया। शाम करीब 5ः30 बजे जिलाध्यक्ष सौरभ सुमन के नेतृत्व तथा संथाल परगना प्रभारी रवींद्र तिवारी की उपस्थिति में गोड्डा मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में युवा, छात्र एवं शिक्षित बेरोजगार शामिल हुए। नेताओं ने बताया कि 22 जुलाई को सुबह 10 बजे रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में एकत्रित होकर जेपीएससी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके लिए गोड्डा से भी बड़ी संख्या में युवाओं के रांची पहुंचने की तैयारी की जा रही है। इसके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज के निर्देश पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में 22 जुलाई को रांची स्थित जेपीएससी कार्यालय के

प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में युवा, छात्र एवं शिक्षित बेरोजगारों से शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान संथाल परगना प्रभारी रवींद्र तिवारी ने कहा कि वर्ष 2019 से जेपीएससी की भर्ती प्रक्रिया में लगातार अनियमितताएं हो रही हैं। वहीं जिलाध्यक्ष सौरभ सुमन ने राज्य सरकार पर युवाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड के शिक्षित बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कार्यक्रम में सौरभ सुमन, रवींद्र तिवारी, सावन जोशी, आशीष यादव, हर्षित यादव, मुरारी चोबे, पवन साह, अजय साह, अंजन घोष, निशांत कुमार, ललित मोदी, रामचंदर निराला सहित बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र उपस्थित थे।

छड़ लदा ट्रैक्टर पलटने से दो की मौत हाईवे पर घंटों बाधित रहा आवागमन

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित ककना के समीप ह्वा 133 फोरलेन सड़क पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में लोहे के छड़ (सरिया) लदे एक ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसके चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर के डाले में बैठे दो अन्य लोग सुरक्षित बच निकले। मृतकों की पहचान पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के कठौन गांव निवासी सुनील महतो (40 वर्ष), पिता डोमन महतो, और नगर थाना क्षेत्र के पांडुबथान निवासी निवास बाउरी (37 वर्ष), पिता सुशील बाउरी, के रूप में हुई है। बताया गया है कि सुनील महतो और निवास बाउरी अपने परिवारों के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे, और

दोनों के दो-दो छोटे बच्चे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर पर लोहे के छड़ लदे हुए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर काफी तेज रफ्तार में था और अधिक भार होने के कारण उसका डाला सड़क पर बहुत अधिक हिल रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर का इंजन पूरी तरह पलट जाने से चालक और खलासी उसके नीचे दब गए, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रैक्टर के डाले में बैठे अन्य 2 लोग समय रहते कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। घटना इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर का इंजन और डाला अलग-अलग हो गए। ट्रैक्टर मालिक का नाम इशाक अंसारी बताया जा रहा है, जो पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के कठौन गांव के नाजिर टोला का निवासी है। हादसे की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से शवों को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। गोड्डा मुस्फसिल थाना प्रभारी आनंद साहा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में दो लोगो की मौत हुई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया गया है,पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मेहरमा में रेल परियोजना भू-अर्जन शिविर

गोड्डा । महागामा-मेहरमा रेल परियोजना से प्रभावित रैयतों को भू-अर्जन मुआवजा राशि का शीघ्र एवं पारदर्शी भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महागामा अंचल कार्यालय परिसर में विशेष भुगतान शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित शिविर में महागामा से मेहरमा रेलखंड अंतर्गत मौजा खुटहरी के लिए भू- अर्जन की कार्रवाई करते हुए हितबद्ध रैयतों को भूमि मुआवजा के भुगतान हेतु क्षतिपूर्ति बंद पत्र प्राप्त किया गया एवं शिविर में परियोजना से संबंधित भूमि स्वामियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर भुगतान प्रक्रिया को सरल एवं त्वरित बनाया गया। साथ ही जिला भू अर्जन विभाग के द्वारा उपस्थित रैयतों की समस्याओं एवं शंकाओं का समाधान करते हुए आवश्यक अभिलेखों की जांच की तथा पात्र लाभुकों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई । वहीं मेहरमा अंचल अंतर्गत मौजा के रैयतों का भुगतान हेतु (21-23 जुलाई) एवं (28-29 जुलाई) को मेहरमा अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

गोड्डा। स्वास्थ्य विभाग एवं विद्यापति सांस्कृतिक परिषद, गोड्डा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को विद्यापति भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, अमरेश सिंह, डॉ. राहुल कुमार एवं डॉ. सत्येंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष, सचिव, संस्थापक एवं सदस्यों सहित पूर्व अध्यक्ष परमानंद चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता दीनानाथ झा, सुनील झा, दिलीप कुमार झा, निखिल कुमार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार झा, मृत्युञ्जय कुमार झा, वार्ड 2 के पार्षद सौरभ परासर, सामाजिक कार्यकर्ता मो. कमरान अशर्फी एवं प्रदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।शिविर में करीब 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सकों ने उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराईं। कार्यक्रम के सफल संचालन में पुष्प कुमारी, आराधना कुमारी, सोनम कुमारी, जयमाला कुमारी, मुकेश ठाकुर, कुमुद रंजन झा, अनुराग भारती, प्रभात कुमार, केदार दास, करिश्मा कुमारी, अर्चना कुमारी, माला कुमारी, नीतू कुमारी, प्रियदर्शनी, रवि कुमार, जयशंकर एवं मिलन नाग ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कुंडहित में वीएलओ को दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

कुंडहित (जामताड़ा) । ग्राम पंचायतों के डिजिटल सशक्तिकरण एवं सबकी योजना, सबका विकास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कुंडहित प्रखंड सभागार में वीएलई का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू । सोमवार से जिला पंचायत राज कार्यालय के निर्देश पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ । ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के तहत ई-ग्राम स्वराज एवं निर्णय पोर्टल , पंचायत निर्णय पोर्टल, जीपीडीपी पोर्टल के संचालन और आवश्यक ऑनलाइन प्रविष्टियों को लेकर आयोजित प्रशिक्षण में कुंडहित, नाला प्रखंड की सभी पंचायतों के वीएलई शामिल हुए । प्रशिक्षक में प्रशिक्षक कार्तिक मंडल, सहबाज असारी ने प्रतिभागियों को पोर्टलों के प्रभावी संचालन, योजनाओं की ऑनलाइन प्रविष्टि, अभिलेखों के अद्यतन तथा वित्तीय एवं विकास योजनाओं से संबंधित सूचनाओं के समयबद्ध संधारण की जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 16 वित्त राशि किस योजना में खर्च किया जाएगा ।

करमाटांड़ में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर

करमाटांड़। जिला परिवहन कार्यालय, जामताड़ा द्वारा करमाटांड़ प्रखंड सभागार में आयोजित दो दिवसीय ड्राइविंग लाइसेंस (एलएल/डीएल) शिविर में पहले दिन लोगों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। वाहन चालकों, युवाओं एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर लर्निंग लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया। शिविर के पहले दिन कुल 111 आवेदन पत्र जमा किए गए, जिनमें 100 सामान्य आवेदकों के आवेदन तथा 11 महिलाओं के आवेदन शामिल हैं। परिवहन विभाग की टीम ने आवेदनों की जांच, आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन एवं ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराई। साथ ही आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस टेस्ट, ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया तथा जरूरी दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई। शिविर में कार्यरत विभागीय कर्मियों ने बताया कि नेटवर्क की समस्या के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। सामान्य स्थिति में जो आवेदन 5 से 10 मिनट में अपलोड हो जाना चाहिए, उसे अपलोड होने में 20 से 25 मिनट का समय लग रहा है।

मेहरमा में एसआईआर को लेकर बैठक

मेहरमा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के सफल एवं त्रुटिरहित संचालन को लेकर सोमवार को मेहरमा प्रखंड सभागार में स्वयंसेवकों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी ने की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान एएसडीडी अंतिम सूची के संबंध में स्वयंसेवकों को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें अंतिम सूची के सत्यापन, पात्र मतदाताओं की पहचान, आवश्यक दस्तावेजों के मिलान, घर-घर संपर्क, निर्धारित प्रपत्रों के सही संधारण तथा समयबद्ध प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। एसडीओ आलोक वरण केसरी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध,अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसमें स्वयंसेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से निष्पक्षता, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश, अभिलेखों के संधारण, डेटा की शुद्धता तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न चरणों की भी जानकारी दी गई। बैठक में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक, बीएलओ तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य कर्मी उपस्थित थे।

महागामा में 18 दिन बाद नगर पंचायत दैनिक कर्मियों की हड़ताल समाप्त



महागामा संवाददाता । नगर पंचायत के दैनिक कर्मियों की 2 जुलाई से जारी हड़ताल 18 दिनों बाद सोमवार को समाप्त हो गई। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित वार्ता में नगर पंचायत उपाध्यक्ष नीलेश कुमार सिंह, नगर प्रबंधक रोहित कुमार गुप्ता, वार्ड संख्या 1 से 17 तक के सभी वार्ड पार्षद, झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के प्रतिनिधियों एवं दैनिक कर्मियों के बीच हुई सकारात्मक बातचीत के बाद तीन सूत्रीय समझौते पर सहमति बनी। समझौते के अनुसार अगस्त 2026 से दैनिक कर्मियों के लिए ईपीएफ लागू करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा नगर पंचायत की आंतरिक आय में वृद्धि होने पर भविष्य में दैनिक कर्मियों के वेतन वृद्धि पर विचार करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित कार्य अवधि का पालन करने पर भी सहमति बनी। बैठक में नगर पंचायत द्वारा बाहरी एजेंसी के माध्यम से मानवबल रखने के लिए जारी निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। समझौते के बाद दैनिक कर्मियों ने 18 दिनों से जारी अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नीलेश कुमार सिंह, नगर प्रबंधक रोहित कुमार गुप्ता, वार्ड संख्या 1 से 17 तक के सभी वार्ड पार्षद, यूनियन पदाधिकारियों एवं दैनिक कर्मियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

डीसी जनहितकारी योजनाओं के लिए रामनगर और बरमसिया में भूमि तलाशने पहुंचे

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा। जिले में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। सोमवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने गोड्डा प्रखंड के रामनगर एवं बरमसिया गांव का दौरा कर संभावित सरकारी भूमि का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भूमि के रकबे, स्वामित्व, राजस्व अभिलेख, पहुंच मार्ग, भौगोलिक स्थिति, जल निकासी, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं के लिए ऐसी भूमि का चयन किया जाए, जो सभी आवश्यक मानकों पर खरी उतरने के साथ भविष्य की विकास आवश्यकताओं को भी पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि जिले में विकास कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए उपयुक्त सरकारी भूमि की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण है और इसका पारदर्शी एवं नियमानुसार चयन प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अंचलाधिकारी गोड्डा को निर्देश दिया कि चिन्हित भूमि से संबंधित सभी राजस्व अभिलेखों का शीघ्र सत्यापन कर आवश्यक प्रस्ताव एवं प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा में तैयार करें। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर भूमि संबंधी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि विकास परियोजनाओं को बिना विलंब गति मिल सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन जनहित से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अंचलाधिकारी हलधर कुमार सेठी सहित अन्य अंचलकर्मी मौजूद थे।

90 दिवसीय इंटेंसिव जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर झालसा के 90 दिवसीय इंटेंसिव जागरूकता कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मछिया सिमरडा पंचायत के हरिपुर, रंगमटिया, चिलौना गांव में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकार मित्र इंतेखाब आलम व बासुदेव मणि नंदन कुमार की ओर से ग्रामीणों को जानकारी दिया गया। कहा कि न्यायिक व्यवस्था में पोस्को एक्ट लाया गया है। इस एक्ट में पीड़िता को पुनर्वास के तहत मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। वही, आरोपी को सजा का प्रावधान दिया गया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही समाज का विकास संभव है। इसके लिए जागरूक होने की जरूरत है। महिला सशक्तिकरण पर विशेष रूप से बताया गया। इसके अलावा बाल विवाह, साइबर ठगी, नशा उन्मूलन व डायन निरोधक अधिनियम आदि जानकारी दी गई। बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसके लिए उभय पक्षों के अलावा पंडित, मौलवी, बाराती सहित शामिल होने वाले बराती व सराती लोगों के लिए सजा व जुर्माना का प्रावधान है। इसके लिए जन जागरुकता की जरुरत है। कुरीतियों पर लगाम लगाने के लिए शिक्षित होना जरुरी है। ऐस में सभी बच्चों को नजदीकी विद्यालय तक पहुंचाने की जरूरत है। वही, अधिकार मित्र ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार की ओर से कार्यक्रम चलाए जा रहे है। हर स्तर पर महिलाओं को योजानाओं का लाभ दिलाने के पंचायत स्तर पर विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

ठनका गिरने से किसान की मौत

कुंडहित (जामताड़ा) । सोमवार की सुबह रीमझीम बारिश के साथ वज्रपात होने से एक किसान की हुई मृत्यु। मृत्यु के बाद परिवार तथा गांव में मातम छाया। परिवार के रोजगार के मुख्य व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिवार में सभी सदस्यों के सामने पहाड़ टुट पड़ा। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह आठ बजे रीमझीम बारिश होने से खेत खलिहान में पानी जमावड़ा हो गया। इसी बीच कुंडहित प्रखंड के भेलुआ पंचायत के बाघझापा गांव के लखिराम सोरेन की 40 वर्षीय पुत्र मनिलाल सोरेन अपने खेत में धान रोपनी के लिए भाड़े के ट्रैक्टर से खेत जोतबाने के लिए खेत की ओर गया था। इसी दौरान वज्रपात होने से किसान मनिलाल सोरेन की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। ग्रामीणों एंव भेलुआ पंचायत के मुखिया पति साहेबधन ने इसकी जानकारी कुंडहित थाना को दिया गया। कुंडहित थाना के एसआई श्रीराम पंडित, एएसआई तपन सेन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु तैयारी में जुटे।

गोड्डा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

गोड्डा । पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए लायंस क्लब ऑफ गोड्डा द्वारा स्थानीय प्लस टू हाई स्कूल परिसर में सोमवार को एक भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में लायंस क्लब के सदस्यों ने परिसर में कुल 43 फलदार और छायादार (घने) पौधे रोपे। इस पुनीत कार्य के अवसर पर क्लब के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल उर्फ दीपक एवं सदस्य गोड्डा जिला के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार, डॉ. सत्येंद्र मिश्रा ने संयुक्त पर्यावरण के प्रति गहरी निष्ठा व्यक्त की। उन्होंने एक बेहद भावुक और प्रेरक संदेश देते हुए कहा, एक वृक्ष मां के नाम और उसका संरक्षण पिता समान होना चाहिए। जिस तरह मां का नाम किसी के भी जीवन में सबसे पहले आता है, हमें जीवन देती है और निस्वार्थ भाव से हमारा पालन-पोषण करती है, उसी तरह एक पौधा भी धरती को जीवन और हरियाली देता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इसके साथ ही, जैसे पिता पूरे परिवार को सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं, वैसे ही हमें भी पिता के समान दृढ़ रहकर इन पौधों के संरक्षण और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठानी होगी। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित हो सकेगा एवं तापमान में हो रही निरंतर वृद्धि और बारिश की लगातार कमी से हमारा गोड्डा जिला निजात पा सकेगा। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार ने लायंस क्लब की इस अनूठी पहल की सराहना की। उन्होंने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ÷लायंस क्लब द्वारा पर्यावरण सुधार के लिए ऐसे कार्य करना और क्लब के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल जी द्वारा हमारे विद्यालय का चुनाव करना पूरे स्कूल परिवार के लिए अत्यंत गौरव की बात है।प्रधानाचार्य ने भावुक होते हुए आगे कहा कि लायंस क्लब के अधिकांश पदाधिकारी और सदस्य इसी प्लस टू हाई स्कूल के पूर्व छात्र रहे हैं। अपने ही पढ़े हुए स्कूल में आकर पर्यावरण संरक्षण जैसे पुनीत कार्य के लिए लगातार सक्रिय रहना, इस स्कूल द्वारा दी गई बुनियादी शिक्षा और संस्कारों का जीता-जागता उदाहरण है।

शोभापुर में अग्निवीर प्रेमजीत का स्वागत

मेहरमा । प्रखंड के सुखाड़ी पंचायत अंतर्गत शोभापुर गांव निवासी गौतम पंडित के पुत्र अग्निवीर जवान प्रेमजीत पंडित के छह माह का सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। प्रेमजीत ने महाराष्ट्र के नागपुर स्थित ब्रिगेड ऑफ द गाड्र्स प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षण पूरा किया। रात्रि में जब वह सेना की वर्दी में अपने गांव पहुंचे तो परिवारजनों एवं ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर, अबीर-गुलाल लगाकर और डीजे की धुन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।इस अवसर पर परिवार के सदस्यों ने उनकी आरती उतारी, जबकि ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। अग्निवीर प्रेमजीत पंडित ने कहा कि उन्हें शुरुआती दो प्रयासों में सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने युवाओं से भी लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर प्रयास करने की अपील की। स्वागत के दौरान चंदन पंडित, कमलेश गोस्वामी,रुद्र गोस्वामी, नितेश ठाकुर, शिवम गोस्वामी सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

बलोचिस्तान में स्वघोषित आजादी

रिपब्लिक ऑफ बलोचिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर एक स्वघोषित बयान और पत्र वायरल हुए हैं। इसमें बलोच नेता मीर यार बलोच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलोचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्गान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलोच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिल जाने की उम्मीद करने लगे है। हालांकि इस हत्याकांड के बाद पाकिस्तान सेना ने बलोचिस्तान में फ्रंटियर कोर, पुलिस व आतंकवाद निरोधक बल के साथ ऑपरेशन शाबान शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजराइली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। पाक सेना ने लड़ाकों के पास से स्टारलिंग उपकरण जब्त किए हैं।विद्रोही बलोचों ने करीब 85 प्रतिशत बलोचिस्तान की भूमि पर काबिज होने का दावा किया है। बलोच कार्यकर्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है। यह पाकिस्तान का वह प्रमुख क्षेत्र है, जहां से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इसकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही वह क्षेत्र है, जहां अत्यंत दुर्लभ खनिज एवं प्राकृतिक गैसें उपलब्ध हैं। यही पाकिस्तान की अर्थव्यस्था की रीढ़ हैं। बलोचिस्तान प्रांत में लंबे समय से स्वतंत्रता की जो लड़ाई चल रही है, वह अब सफलता के शिखर पर है। बलोचिस्तान को नए देश के रूप में मान्यता मिल जाती है तो 1971 के बाद पाकिस्तान की भूमि पर दूसरा बड़ा विभाजन दिखाई देगा। 1971 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी सेना को सैनिक मदद देकर पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। अब बलोच भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दिल्ली में बलोचिस्तान का दूतावास खोलने की मांग कर रहे हैं।प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता मीर यार बलोचिस्तान के लोगों के अधिकारों की वकालत के लिए जाने जाते हैं। बलोचों ने संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान में शांति रक्षक बल भेजने और पाक सेना को बलोच सीमा क्षेत्र से बाहर कर देने का आग्रह भी किया है। यदि बलोच स्वतंत्र देश बन जाता है तो भारत-पाक युद्ध के बीच 1971 की तरह एक युगांतरकारी घटना देखने को मिलेगी, जिसमें बलोचों द्वारा मनाए जाने वाले उत्सव में भारत भी भागीदार हो सकता है। बलोचों की स्वतंत्रता की संभावना का अहसास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी जताया है। उनका कहना है कि बलोचिस्तान पर अब सेना और सरकार का नियंत्रण ढीला पड़ रहा है। यहां के हालात इतने खराब हैं कि सरकारी मंत्री तक बाहरी सुरक्षा के बिना बाहर नहीं निकल सकते हैं। सेना के जवान अपने ही देश में बंकरों में छिपे हैं। बलोचिस्तान में विद्रोह की आग चरम पर है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी आजादी की मांग करने वाला सबसे पुराना सशस्त्र अलगाववादी संगठन है। यह संगठन पहली बार 1970 में अस्तित्व में आया था। इसने जुल्फिकार अली भुट्टो के कार्यकाल में बलोचिस्तान प्रांत में सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद किया था। कालांतर में सैनिक तानाशाह जिया उल हक द्वारा सत्ता हथियाने के बाद बलोच नेताओं के साथ बातचीत हुई, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम की स्थिति बन गई थी। नतीजतन बलोचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह खत्म हो गया था और बीएलए का भी कोई वजूद नहीं रह गया था। किंतु कारगिल युद्ध के बाद सैन्य तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर सत्ता हथिया ली। इसके बाद मुशर्रफ के संकेत पर साल 2000 में बलोचिस्तान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नवाबमिरी की हत्या कर दी गई और मुशर्रफ ने कुटिल चतुराई बरतते हुए पाक सेना से इस मामले में आरोपी के रूप में बलोच नेता खेरबक्ष मिरी को गिरफ्तार करा दिया। इसके बाद फिनिक्स पक्षी की तरह बीएलए फिर उठ खड़ा हुआ। जगह-जगह हमले शुरू हो गए। साल 2020 में एकाएक बीएलए की ताकत बढ़ गई और बलोचिस्तान के सरकारी प्रतिष्ठानों तथा सुरक्षाबलों पर हमलों की संख्या बढ़ती चली गई।बीएलए बलोचिस्तान में चीन के प्रभाव को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि चीन बलोचिस्तान की प्राकृतिक संपदा को हड़पने का काम कर रहा है। इसी नजरिए से ग्वादर बंदरगाह को विकसित करने के साथ एक बड़ा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा भी बना रहा है। दरअसल भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय बलोचिस्तान में बलोचों की इच्छा के बिना बंदूक की जोर पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। जबकि वे स्वयं को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखना चाहते थे। अतैव पाक की स्वतंत्रता के समय से ही बलोचों का संघर्ष पाक सरकार और सेना से निरंतर बना हुआ है। बीएलए जब साल 2000 में वजूद में आया था तब इसके लड़ाकों की संख्या 6000 से भी ज्यादा थी, जिसमें करीब 150 आत्मघाती दस्ते शामिल थे। सरदार अकबर खान बुगती एक समय बलोचिस्तान के सर्वमान्य नेता रहे हैं।

विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर संकट

कुमार कृष्णन

- सुधार के नाम पर केंद्रीकरण या उच्च शिक्षा की स्वायत्तता पर सबसे बड़ा हमला? किसी भी राज्य का भविष्य उसके विश्वविद्यालयों में लिखा जाता है। सड़कें, पुल और इमारतें विकास का प्रतीक हो सकती हैं, लेकिन ज्ञान, शोध और नवाचार किसी समाज की वास्तविक पूंजी होते हैं। इसलिए जब किसी राज्य की विश्वविद्यालय व्यवस्था में बड़े बदलाव का प्रस्ताव आता है तो वह महज प्रशासनिक निर्णय नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का प्रश्न बन जाता है।

बिहार सरकार स्नातक महाविद्यालयों को उनके संबद्ध विश्वविद्यालयों से अलग कर सीधे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन लाने की तैयारी कर रही है। सरकार इसे प्रशासनिक सुधार बता रही है, लेकिन इस प्रस्ताव ने एक असामान्य स्थिति पैदा कर दी है। पहली बार सत्ता पक्ष के ही विधायक और विधान पार्षद मुख्यमंत्री से कह रहे हैं कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। यह केवल राजनीतिक असहमति नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की दिशा को लेकर गंभीर चिंता है।

सवाल सीधा है–क्या बिहार विश्वविद्यालयों को मजबूत बना रहा है या उनकी रीढ़ कमजोर कर रहा है?

विश्वविद्यालय केवल डिग्री बांटने वाली संस्था नहीं होते। वे विचारों के केंद्र होते हैं। स्नातक शिक्षा, स्नातकोत्तर अध्ययन और शोध–ये तीनों मिलकर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक आत्मा बनाते हैं। यदि इस श्रृंखला की पहली कड़ी यानी स्नातक शिक्षा को अलग कर दिया जाए, तो विश्वविद्यालय धीरे-धीरे केवल परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था बनकर रह जाएंगे।

सरकार का तर्क है कि विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक अव्यवस्था है। परीक्षाएं समय पर नहीं होतीं, परिणाम देर से आते हैं, वित्तीय प्रबंधन कमजोर है और महाविद्यालयों तक योजनाओं का लाभ समय पर नहीं पहुंचता। इसलिए महाविद्यालयों को सीधे उच्च शिक्षा विभाग के नियंत्रण में लाना अधिक प्रभावी होगा।

पहली नजर में यह तर्क आकर्षक लगता है, लेकिन यहीं सबसे बड़ा प्रश्न खड़ा होता है। क्या किसी संस्था की कमजोरी का समाधान उसकी स्वायत्तता समाप्त करना है? यदि किसी अस्पताल की व्यवस्था खराब हो तो क्या उसे स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय बना दिया जाएगा? यदि किसी नगर निगम में गड़बड़ी हो तो क्या स्थानीय निकाय की अवधारणा ही समाप्त कर दी जाएगी? फिर विश्वविद्यालयों के मामले में ऐसा विचार क्यों?

नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) स्पष्ट रूप से कहती है कि भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों को अधिक स्वायत्त, बहुविषयक और शोध-केंद्रित बनाया जाना चाहिए। नीति का उद्देश्य विश्वविद्यालयों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उन्हें अकादमिक निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। ऐसे समय में बिहार का प्रस्ताव उल्टी दिशा में जाता दिखाई देता है।

विश्वविद्यालयों की ताकत उनके प्रशासनिक भवनों में नहीं, बल्कि उनके अकादमिक वातावरण में होती है। पाठ्यक्रम निर्माण, परीक्षा प्रणाली, शोध, शिक्षकों की नियुक्ति, गुणवत्ता मूल्यांकन और नवाचार–ये सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जब स्नातक महाविद्यालय विश्वविद्यालय के साथ जुड़े रहते हैं, तब एक छात्र उसी शैक्षणिक संस्कृति में आगे बढ़ते हुए शोध तक पहुंचता है। यदि इस कड़ी को तोड़ दिया जाएगा तो स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा के बीच स्वाभाविक संबंध भी कमजोर होगा। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को देखिए। दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, हैदराबाद विश्वविद्यालय या अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय–इनकी पहचान इसलिए बनी क्योंकि यहां स्नातक से लेकर शोध तक की सतत शैक्षणिक परंपरा विकसित हुई। किसी भी विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय की यही पहचान होती है।

बिहार की ऐतिहासिक विरासत भी यही कहती है। नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय केवल भवन नहीं थे। वहां ज्ञान की निरंतर परंपरा थी। विद्यार्थी प्रारंभिक अध्ययन से लेकर उच्चतम स्तर के शोध तक एक ही बौद्धिक वातावरण में विकसित होते थे। यही कारण था कि दुनिया भर से विद्यार्थी वहां शिक्षा लेने आते थे।

आज विडंबना यह है कि उसी बिहार में विश्वविद्यालयों की बुनियादी संरचना को बदलने का प्रस्ताव सामने है।

इस प्रस्ताव का दूसरा बड़ा पक्ष नौकरशाही का बढ़ता प्रभाव है। यदि महाविद्यालय सीधे विभाग के अधीन आ जाते हैं तो शिक्षकों की नियुक्ति, स्थानांतरण, संसाधनों का वितरण और अनेक प्रशासनिक निर्णय सरकारी अधिकारियों के हाथ में केंद्रित हो सकते हैं। विश्वविद्यालयों के लोकतांत्रिक निकाय–सीनेट, सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल–की भूमिका सीमित हो जाएगी।

लोकतंत्र केवल विधानसभाओं में नहीं चलता; विश्वविद्यालय भी लोकतांत्रिक संस्थाएं होते हैं। वहां विचारों की स्वतंत्रता ही ज्ञान का आधार बनती है। यदि निर्णय केवल फाइलों के माध्यम से होंगे तो विश्वविद्यालयों की रचनात्मक ऊर्जा प्रभावित होना स्वाभाविक है।

यह भी सच है कि बिहार के विश्वविद्यालयों की स्थिति आदर्श नहीं है। वर्षों से सत्र नियमित नहीं हैं। शिक्षकों के हजारों पद रिक्त हैं। शोध की गुणवत्ता चिंता का विषय है। अनेक महाविद्यालय आधारभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं। लेकिन इन समस्याओं की जड़ विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता नहीं, बल्कि संसाधनों की कमी, नियुक्तियों में देरी और प्रशासनिक उदासीनता है।

इसलिए सुधार का रास्ता संस्थाओं को कमजोर करना नहीं, बल्कि उन्हें सक्षम बनाना होना चाहिए। यदि सरकार वास्तव में बदलाव चाहती है तो समयबद्ध परीक्षा प्रणाली लागू करे, डिजिटल प्रशासन विकसित करे, रिक्त पदों पर नियुक्तियां करे, शोध के लिए बजट बढ़ाए और कुलपतियों की जवाबदेही तय करे। इससे विश्वविद्यालय मजबूत होंगे, कमजोर नहीं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार विरोध विपक्ष नहीं कर रहा। भाजपा और जदयू के कई विधायक और विधान पार्षद स्वयं इस प्रस्ताव पर सवाल उठा रहे हैं। यह लोकतंत्र का स्वस्थ संकेत है। शिक्षा जैसे गंभीर विषय पर यदि सत्ता पक्ष के भीतर भी विमर्श हो रहा है तो सरकार को इसे राजनीतिक चुनौती नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव के रूप में लेना चाहिए।

दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा नीति पर व्यापक सार्वजनिक बहस कम होती है। सड़क, बिजली और कानून-व्यवस्था चुनावी मुद्दे बन जाते हैं, लेकिन विश्वविद्यालयों की संरचना पर शायद ही कभी गंभीर चर्चा होती है। जबकि किसी भी समाज का दीर्घकालीन विकास शिक्षा की गुणवत्ता पर ही निर्भर करता है। आज बिहार के सामने अवसर भी है और चुनौती भी। यदि सरकार विशेषज्ञों, कुलपतियों, शिक्षकों, छात्र संगठनों और शिक्षा नीति के जानकारों के साथ खुला संवाद करती है तो एक ऐसा मॉडल विकसित हो सकता है जो प्रशासनिक दक्षता और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता–दोनों को संतुलित करे। लेकिन यदि यह बदलाव केवल प्रशासनिक सुविधा के आधार पर लागू किया गया तो इसका प्रभाव वर्षों तक दिखाई देगा। विश्वविद्यालयों की पहचान केवल इमारतों से नहीं होती; उनकी पहचान उनकी स्वतंत्र सोच, शोध संस्कृति और अकादमिक गरिमा से होती है। एक बार यदि यह संरचना कमजोर हो गई तो उसे दोबारा खड़ा करना आसान नहीं होगा।

आत्मनिर्भर भारत की अंतरिक्ष युग की ऐतिहासिक उड़ान

सौरभ वार्ष्णेय

भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। देश के पहले निजी क्षेत्र द्वारा विकसित ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1' का सफल प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष यात्रा में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। हैदराबाद स्थित निजी अंतरिक्ष कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित इस रॉकेट ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सफल उड़ान भरते हुए छह पेलोड को लगभग 450 किलोमीटर ऊँची निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित किया। यह उपलब्धि केवल एक तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत की नवाचार क्षमता, निजी उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की सशक्त अभिव्यक्ति है।

भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन

कई दशकों तक भारत का अंतरिक्ष कार्यक्र म मुख्यतः भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नेतृत्व में संचालित होता रहा। चंद्रयान, मंगलयान और आदित्य-एल1 जैसे मिशनों ने भारत को वैश्विक अंतरिक्ष शक्तियों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया। किंतु बदलती वैश्विक परिस्थितियों और बढ़ती व्यावसायिक मांगों को देखते हुए भारत सरकार ने निजी क्षेत्र के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के द्वार खोले। इसका उद्देश्य नवाचार, निवेश और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था।

विक्रम-1 की सफलता इस नीति की प्रभावशीलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इससे स्पष्ट हो गया है कि भारतीय निजी कंपनियाँ भी विश्वस्तरीय अंतरिक्ष तकनीक विकसित करने में सक्षम हैं।

विक्रम-1 की विशेषताएँ

विक्रम-1 एक अत्याधुनिक, तीन-चरणीय ठोस ईंधन आधारित ऑर्बिटल रॉकेट है, जिसके अंतिम चरण में 3D-प्रिंटेड तरल इंजन का उपयोग किया गया है। इसका ढाँचा कार्बन-कॉम्पोजिट सामग्री से निर्मित है, जिससे इसका भार कम तथा दक्षता अधिक हो जाती है। यह लगभग 350 किलोग्राम तक के छोटे उपग्रहों को निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित करने की क्षमता रखता है।

मिशन के दौरान रॉकेट ने छह पेलोड को सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में पहुँचाकर अपनी विश्वसनीयता सिद्ध की। यह सफलता भविष्य में व्यावसायिक उपग्रह प्रक्षेपण सेवाओं के लिए भारत को एक आकर्षक वैश्विक केंद्र बना सकती है।

आर्थिक और रणनीतिक महत्व

आज वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था तीव्र गति से विस्तार कर रही है। छोटे उपग्रहों की बढ़ती मांग के कारण कम लागत वाले प्रक्षेपण यानों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। विक्रम-1 की सफलता भारत को इस उभरते हुए बाजार में सशक्त प्रतिस्पर्धी बना सकती है।

इस उपलब्धि से अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आएँगे–

भारतीय स्टार्टअप और निजी उद्योगों को नई संभावनाएँ मिलेंगी।

उपग्रह प्रक्षेपण की लागत में प्रतिस्पर्धात्मक कमी आएगी।

उच्च तकनीक आधारित रोजगार और अनुसंधान को प्रोत्साहन मिलेगा।

विदेशी ग्राहकों के लिए भारत एक विश्वसनीय लॉन्च सेवा प्रदाता के रूप में उभरेगा।

अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई गति मिलेगी।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत

अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की भूमिका अमेरिका और कुछ अन्य देशों में पहले से स्थापित रही है। भारत में विक्रम-1 की सफलता इस दिशा में निर्णायक कदम है। इससे भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जहाँ निजी क्षेत्र ने सफल ऑर्बिटल लॉन्च क्षमता का प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि भारतीय वैज्ञानिक प्रतिभा और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की वैश्विक स्वीकार्यता को भी मजबूत करती है।

चुनौतियाँ भी कम नहीं

हालाँकि यह सफलता अत्यंत प्रेरणादायक है, लेकिन निजी अंतरिक्ष उद्योग के समक्ष कई चुनौतियाँ भी हैं। वैश्विक प्रतिस्पर्धा, तकनीकी विश्वसनीयता, सुरक्षा मानकों का पालन, निवेश की निरंतर उपलब्धता तथा अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों का विश्वास बनाए रखना आसान नहीं होगा। सरकार, निजी कंपनियों के बीच प्रभावी सहयोग इस क्षेत्र की दीर्घकालिक सफलता की कुंजी रहेगा।

विक्रम-1 का सफल प्रक्षेपण केवल एक रॉकेट की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की वैज्ञानिक क्षमता, नवाचार, उद्यमिता और आत्मविश्वास की नई उड़ान है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि भारत अब केवल सरकारी संस्थानों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि निजी नवाचार के बल पर भी अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। यदि यही गति, नीति समर्थन और तकनीकी उत्कृष्टता बनी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का प्रमुख केंद्र बन सकता है। विक्रम-1 ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि भारत का भविष्य केवल धरती तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरिक्ष की असीम संभावनाओं तक विस्तृत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, राजनीतिक विचारक है।)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

पाकुड़ की खबरें

हाइवा से बचने के प्रयास में साइकिल सवार छात्रा गिरी, हाथ टूटा; सड़क सुरक्षा पर उठे सवाल

संताल एक्सप्रेस हिरणपुर (पाकुड़)। पीएम श्री मध्य विद्यालय हिरणपुर की एक छात्रा सोमवार को विद्यालय से घर लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। हादसे में छात्रा का हाथ टूट गया, जिसके बाद उसका इलाज पाकुड़ के एक निजी क्लिनिक में कराया गया।जानकारी के अनुसार हाथकाठी नया टोला निवासी तुलसी साहा की बेटी कक्षा सात की छात्रा प्रतिमा कुमारी रोज की तरह विद्यालय की छुट्टी के बाद साइकिल से अपने घर लौट रही थी। विद्यालय से निकलते ही मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार से आ रहे एक हाइवा वाहन से बचने के प्रयास में वह सड़क किनारे जाने लगी। इसी दौरान सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह दूसरी साइकिल से टकराकर गिर पड़ी। हादसे में उसका हाथ टूट गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने छात्रा को तत्काल इलाज के लिए पाकुड़ के एक निजी क्लिनिक पहुंचाया, जहां उसका उपचार कराया गया।इस घटना के बाद विद्यालय के अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि विद्यालय की छुट्टी के समय मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार भारी वाहनों का आवागमन कुछ समय के लिए रोका जाना चाहिए, ताकि छात्र-छात्राएं सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें। साथ ही उन्होंने सड़क की जर्जर स्थिति और गड्ढों की मरम्मत कराने की भी मांग की।अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय के सामने से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है।ऐसे में तेज रफ्तार भारी वाहनों का संचालन और खराब सड़क किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से अविलंब आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

गैस सिलेंडर चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी के दो सिलेंडर बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। नगर थाना पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी के मामले का सफल उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी के दो गैस सिलेंडर भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

नगर थाना कांड संख्या 177/26, दिनांक 19 जुलाई 2026, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(ए), 317(2) एवं 3(5) के तहत दर्ज मामले में पियादापुर निवासी सरफराज अंसारी तथा हरिणडांगा बाजार निवासी अल्ला हुसैन को गिरफ्तार किया गया।जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी

सरफराज अंसारी ने हरिणडांगा के नया टोला निवासी मुरारी ठाकुर के घर से एक गैस सिलेंडर तथा बड़ी अलीगंज निवासी रंजीत कुमार साहा की रविंद्र चौक के पास स्थित गुमटी का ताला तोड़कर दूसरा गैस सिलेंडर चोरी किया था।पूछताछ के दौरान सरफराज अंसारी की निशानदेही पर पुलिस ने हरिणडांगा स्थित अल्ला हुसैन की दुकान से चोरी के दोनों गैस सिलेंडर बरामद कर लिए। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि चोरी के सिलेंडरों की खरीद-बिक्री का अवैध कारोबार किया जा रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही इस मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

सरसों तेल मिल में सेंधमारी, 25 हजार की संपत्ति की चोरी संदिग्ध के खिलाफ प्राथमिकी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर थाना क्षेत्र के धर्मखांपाड़ा गांव स्थित एक सरसों तेल मिल में सेंधमारी कर करीब 25 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मिल संचालक शेख मजीबूर रहमान ने महेशपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मखांपाड़ा निवासी शेख मजीबूर रहमान का गांव में सरसों तेल मिल है।

उन्होंने बताया कि 17 जुलाई की रात करीब आठ बजे अपनी मौसी की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर वह लखीमपुर स्थित उनके घर गए थे। रात करीब 12ः10 बजे वापस लौटने के दौरान उन्होंने अपनी दुकान के पास कागजपुर गोदापाड़ा निवासी बाबू शेख को संदिग्ध अवस्था में खड़ा देखा। शिकायत के अनुसार, बाइक रोकते ही बाबू शेख वहां से भागने लगा। इस पर उन्होंने शोर मचाया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह फरार हो गया। जब उन्होंने दुकान की जांच की तो सामने का ताला बंद मिला, जबकि पीछे की दीवार तोड़कर चोर अंदर घुसे थे।मिल संचालक ने बताया कि चोर दुकान से करीब 200 किलो सरसों, 35 किलो सरसों का तेल तथा तांबे का वेल्डिंग तार चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत लगभग 25 हजार रुपये है। उन्होंने

बताया कि अगले दिन आरोपी की तलाश में उसके घर भी गए, लेकिन वह नहीं मिला। इसी कारण थाना में शिकायत दर्ज कराने में विलंब हुआ। पुलिस ने आवेदन के आधार पर कांड संख्या 122/26, दिनांक 19 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) एवं 305(ए) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

22 जुलाई की चुनावी पाठशाला को लेकर प्रशिक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)। प्रखंड सभागार में सोमवार को आगामी 22 जुलाई को आयोजित होने वाली बीएलओ, बीएलए-2 एवं वालंटियरों की बैठक तथा चुनावी पाठशाला की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को सफल एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी बीएलओ, पर्यवेक्षकों एवं वालंटियरों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता तक सही जानकारी पहुंचाना और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।वही प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप टुडू ने वालंटियरों को चुनावी कार्यों, गणना प्रपत्रों के संकलन, डिजिटाइजेशन, एसआईआर प्रपत्रों के संग्रहण तथा अन्य संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सभी कर्मियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीपीओ ट्विंकल चौधरी सहित सभी बीएलओ पर्यवेक्षक, बीएलओ एवं वालंटियर उपस्थित रहे।

सड़क हादसे मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर थाना क्षेत्र के डिस्कोमोड़ पेट्रोल पंप के समीप 13 जुलाई को हुए सड़क हादसे में पश्चिम बंगाल निवासी एक व्यक्ति की मौत के मामले में मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।मृतक की पत्नी मुर्शीदा बीबी, जो पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के मुरारई थाना क्षेत्र अंतर्गत धितोड़ा गांव की निवासी हैं, ने महेशपुर थाना में दिए आवेदन में बताया कि उनके पति निजामुद्दीन शेख 13 जुलाई की सुबह करीब सात बजे बोरिंग का कार्य करने के लिए महेशपुर आए थे। उसी दिन शाम करीब छह बजे उन्हें सूचना मिली कि डिस्कोमोड़ पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें महेशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।परिजनों के अस्पताल पहुंचने पर ग्रामीणों ने बताया कि निजामुद्दीन शेख डिस्कोमोड़ स्थित एक नाश्ते की दुकान से निकलकर पैदल सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान महेशपुर की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक छह चक्का अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।ग्रामीणों की मदद से घायल को महेशपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें रामपुरहाट रेफर कर दिया। रामपुरहाट अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतका की शिकायत के आधार पर महेशपुर थाना में कांड संख्या 121/26 दर्ज करते हुए अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पाकुड़िया में लर्निंग लाइसेंस शिविर का शुभारंभ

पहले दिन 52 आवेदकों को मिला लाइसेंस

पाकुड़ । जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद मोजाहिद अंसारी के नेतृत्व में सोमवार को पाकुड़िया अंचल में दो दिवसीय नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति (लर्निंग लाइसेंस) शिविर का शुभारंभ किया गया।शिविर के पहले दिन कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए और सभी 52 आवेदनों का उसी दिन निष्पादन करते हुए टेस्ट में सफल सभी आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस वितरित किया गया। अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने सफल अभ्यर्थियों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने लोगों से 21 जुलाई को आयोजित होने वाले शिविर का अधिक सेआर अधिक लाभ उठाने तथा अपने परिजनों व आसपास के लोगों को भी इसकी जानकारी देकर लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित करने की अपील की।शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाया गया। वाहन चालकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन अपनाने तथा हिट एंड रन मुआवजा योजना, गुड सेमेरिटन (रहवीर) योजना, कैशलेस उपचार सुविधा और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।जिला परिवहन पदाधिकारी ने जिले के

सभी पात्र नागरिकों से आगामी प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय शिविरों का लाभ उठाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करने की अपील की।शिविर में अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, वरीय प्रधान लिपिक बरियार हेंब्रम, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य तथा जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

वार्ड पार्षद के प्रयास से लगेगा एटीवीएम

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। नगर परिषद वार्ड संख्या-11 की वार्ड पार्षद निभा देवी के प्रयास से पाकुड़ रेलवे स्टेशन के मालगोदाम रोड स्थित फुट ओवर ब्रिज के नीचे ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन लगाने की मंजूरी मिल गई है। पूर्व रेलवे, हावड़ा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राहुल रंजन ने इसकी अनुमति प्रदान की है।अनुमति मिलने के बाद रेलवे अधिकारियों ने वार्ड पार्षद निभा देवी की मौजूदगी में स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही आवश्यक निर्माण कार्य शुरू कर एटीवीएम स्थापित की जाएगी। इस सुविधा से रेलवे कॉलोनी, सिद्धार्थनगर, ईशाकपुर, मनीरामपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों रेल यात्रियों को टिकट लेने में सहूलियत होगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल पर खुशी जताते हुए इसे यात्रियों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

बरहनी-देवघर-बरहनी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

सुधराव़साकाम

05028/05027 बरहनी-देवघर-बरहनी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनको हिजुक्‌चालाक्‌ बाबोत माड़ाङ रे छापायेन ओना बो़हो़क्‌ञुतुमान विज्ञापनलेकारे, नोवाले बाडाय ओचोयेत्‌पेया जे **05027 देवघर-बरहनी स्पेशलट्रेन रेयाक्‌ गोरखपुर रे** सो़मो़यसूची दो़ नोडका लेका सुधरा़उहोयोक्‌आः **गोरखपुर रे सुधरा़वाक्‌ सो़मो़यसूचीः सेटेरो़क्‌आ- 11.45 बजे,लाड़ाक्‌आ- 11.55 बजे।**एटाक्‌ आर जो़तो़ हुकुमको दो़ बेबो़दो़लगे ताहेंना। असुबिता ला़गित्‌ इका़ले खो़जो़क्‌ काना।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

बूथ और संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त करें कार्यकर्ता : कर्मवीर सिंह

संताल परगना में संगठन विस्तार पर भाजपा का मंथन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से सोमवार को देवघर जिला कार्यालय में संथाल परगना के तीन जिलों देवघर, गोड्डा और जामताड़ा के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों और प्रवासी प्रभारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर गतिविधियां बढ़ाने और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने और संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से ऊर्जा और उत्साह का संचार करना समय की जरूरत है। सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन के विस्तार में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर राज्य सरकार के कार्यों और भ्रष्टाचार के मुद्दों को जनता के बीच रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को लगातार लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और संगठन की बात पहुंचानी चाहिए। प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं को सतर्क और जागरूक रहने की अपील की। बैठक का संचालन देवघर जिला प्रभारी यदुनंदन पाठक ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने दिया। बैठक में गोड्डा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, पूर्व विधायक अमित मंडल, नारायण दास, राज पलिवार, संजीव मिश्रा, राजेश झा, सुरेश राय, हरिमोहन मिश्रा, कमलेश मंडल, अभय सिंह, सुकमणि हेंब्रम, अधिर चंद्र, पप्पू यादव, विजया सिंह, मुकेश पाठक, अभयानंद झा, मनोज मिश्रा, संतोष पुर्वे, सुलोचना देवी, अलका सोनी, सचिन सुल्तानिया, धनंजय तिवारी सहित तीनों जिलों के मंडल प्रभारी, प्रवासी प्रभारी और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, लगाई फटकार

वाहन रखरखाव में लापरवाही पर नाराजगी, पहुंच मार्ग के गड्ढे तत्काल भरने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त ने सोमवार को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था और कचरा संग्रहण कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्लांट परिसर में संचालित वाहनों की स्थिति, रखरखाव और साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लिया गया। कई वाहनों के रखरखाव में लापरवाही मिलने पर नगर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी पर नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी कचरा संग्रहण वाहनों की नियमित सर्विसिंग, मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य बिना किसी बाधा के चलता रहे। उन्होंने कहा कि शहर

की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तक जाने वाले पहुंच मार्ग का भी निरीक्षण किया। बरसात के कारण सड़क पर बने गड्ढों पर चिंता जताते हुए उन्होंने संबंधित एजेंसी को तत्काल जीएसबी सामग्री से सभी गड्ढों की भराई कर सड़क को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष के दौरान कचरा संग्रहण वाहनों के सुरक्षित और सुचारु आवागमन के लिए पहुंच मार्ग का बेहतर होना जरूरी है। इसके लिए नियमित निगरानी और समय-समय पर मरम्मत की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगली समीक्षा तक यदि वाहन रखरखाव और पहुंच मार्ग की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं मिला तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार, नगर प्रबंधक सतीश कुमार दास तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

एसआईआर अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ सम्मानित

देवघर । विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत शत-प्रतिशत इन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण और डिजिटाइजेशन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा करने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया गया। 15-देवघर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को त्रुटिहीन, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सम्मानित अधिकारियों की कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए इसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने सभी निर्वाचन कर्मियों और बीएलओ से भविष्य में भी इसी प्रकार जिम्मेदारी, निष्पक्षता और गुणवत्ता के साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी की सक्रिय और उत्तरदायित्वपूर्ण भागीदारी से लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

मोहनपुर में दुबे बाबा की हुई पूजा

देवघर संताल एक्सप्रेस । मोहनपुर प्रखंड के ठाढी, ताराबाद में बाबा दुबे की वार्षिक पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। अहले सुबह से ही देवघर, मलहरा, रिखिया,डुमरिया,नावाडीह, बरगछा, नकटी, महदेवा, सहित दर्जनों गांव के श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। फल, फूल, नारियल, जनेउ, अछत आदि से बाबा की पूजा की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दुबे मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने-अपने परिवार के लिए मंगल कामना की। पूजा अर्चना करने वाले में महिलाओं श्रद्धालुओं की संख्या काफी ज्यादा रही। जो दोपहर तक अनवरत जारी रहा। पंडितों द्वारा विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुबे मंदिर में पूजा अर्चना कराई गई । पूजा अर्चना के बाद खीर प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। प्रसाद पाने के लिए लोगों की भीड़ उम्र पड़ी। वार्षिक पूजा को सफल बनाने में मलहारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुशील महथा, पूजा समिति के अध्यक्ष देवघर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े सहित कई सदस्य का सराहनीय योगदान रहा।

मारवाड़ी समाज की पहल पर लगा एसआईआर शिविर

मधुपुर। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने और अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं को इस प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को मधुपुर शहर के कुंडों बंगला रोड स्थित अग्रसेन भवन परिसर में मारवाड़ी समाज की ओर से विशेष एसआईआर शिविर का आयोजन किया गया। पूरे दिन चले इस शिविर में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने एसआईआर प्रपत्र भरवाए। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद 50 से अधिक लोगों के एसआईआर फॉर्म ऑनलाइन किए गए। शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, अंचल अधिकारी यामुन रविदास तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेंद्र किस्कु ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित लोगों से निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से यह भी अपील की कि अंतिम समय तक इंतजार करने के बजाय निर्धारित अवधि के भीतर सही दस्तावेजों के साथ आवेदन कर दें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या असुविधा की संभावना न रहे। शिविर में समाजसेवी अनुप गुटगुटिया, कन्हैयालाल कन्नु, शिवकुमार मोदी, विनोद लखीरामका, महेश बथवाल, विवेक बथवाल, मारवाड़ी महिला समिति की सालणी गुटगुटिया, रीना खेड़िया, रीना शर्मा, नगर परिषद कर्मी रूपेश कुमार मोदी सहित मारवाड़ी समाज के अनेक सदस्य, स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दो बाइकों की टक्कर, दो युवक गंभीर

मधुपुर । मधुपुर-सारठ मुख्य पथ पर पथरोल थाना क्षेत्र अंतर्गत सलोम स्कूल के समीप सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पथरोल थाना के एएसआई शिव शंकर हैब्रम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को पुलिस वाहन से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, मधुपुर पहुंचाया। घायलों की पहचान गिरिडीह जिले के दांडीडीह निवासी मिठु कुमार तथा धनबाद जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के मंझियाना निवासी दिनेश चोबे के रूप में हुई है। घायल मिठु कुमार ने बताया कि वह अपनी बहन के घर जा रहे थे, जबकि दिनेश चोबे पथरोल स्थित अपने ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान सेलम स्कूल के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर चोटों को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पथरोल थाना के एएसआई शिव शंकर हैब्रम ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को बिना देर किए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

श्रावणी मेला की तैयारियों का अपर नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों को लेकर देवघर नगर निगम ने व्यवस्थाओं की निगरानी तेज कर दी है। सोमवार को अपर नगर आयुक्त रजनीश कुमार ने मेला क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का व्यापक निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, सार्वजनिक शौचालय, कचरा संग्रहण, साफ-सफाई, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की गई। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी और कर्मी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में अपर नगर आयुक्त सिंघवा स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट भी पहुंचे। वहां उन्होंने पेयजल शोधन की प्रक्रिया, मशीनों की कार्यस्थिति, जल गुणवत्ता और आपूर्ति व्यवस्था का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं और शहरवासियों को शुद्ध तथा पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्लांट का संचालन निर्बाध रखा जाए। साथ ही मशीनों के नियमित रखरखाव, जल गुणवत्ता की लगातार जांच और पेयजल आपूर्ति पर विशेष निगरानी रखने को कहा। अपर नगर आयुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान लाखों श्रद्धालु देवघर पहुंचते हैं। ऐसे में नगर निगम की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता वैदेही शरण और नगर प्रबंधक प्रकाश कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। उन्होंने तैयारियों की प्रगति की जानकारी देते हुए सभी निर्देशों का समयबद्ध पालन कराने का भरोसा दिलाया। नगर निगम ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है।

बॉम्पास टाउन में करोड़ों की चोरी, खिड़की का रॉड उखाड़कर घर से सोना, चांदी और नकदी ले उड़े चोर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। नगर थाना क्षेत्र के बॉम्पास टाउन में रविवार देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पवन सर्राफ के घर में खिड़की का रॉड उखाड़कर चोर अंदर घुसे और कमरे में रखी दो गोदरेज अलमारियों का लॉक खोलकर करीब 700 ग्राम सोने के जेवरात, साढ़े चार किलो चांदी और तीन लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। सोमवार सुबह जब परिवार के लोग कमरे का ताला खोलने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके बाद नाइट गार्ड को घर के पीछे जाकर देखने के लिए कहा गया। वहां पहुंचने पर खिड़की का रॉड उखड़ा हुआ मिला और कमरे के भीतर सामान बिखरा पड़ा था। नाइट गार्ड टूटी हुई खिड़की के रास्ते कमरे में दाखिल हुआ और अंदर से दरवाजा खोला। कमरे का दृश्य देखकर परिवार के लोगों के होश उड़ गए। दोनों अलमारियों के लॉक खुले हुए थे और कीमती जेवरात, चांदी तथा नकदी गायब थी। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रवि ठाकुर, पुलिस अवर निरीक्षक सुमंत प्रसाद, पुलिस अवर निरीक्षक डी. के. मिश्रा तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरों की पहचान तथा गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग पुलिस से जल्द खुलासे की उम्मीद कर रहे हैं।

कस्टमर केयर बनकर ठगी करने वाले चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी फर्जी कस्टमर केयर अधिकारी बनकर लोगों को झांसा देते थे और ऑनलाइन ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि मोहनपुर थाना क्षेत्र में कुछ लोग फ्लिपकार्ट, अमेजन पे, एयरटेल पेमेंट बैंक और गूगल पर फोनपे कस्टमर

केयर के नाम से फर्जी पहचान बनाकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जिसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुमरित कुमार निवासी कटोरिया, जिला बांका (बिहार), अमित कुमार और राजू कुमार ठाकुर निवासी बाराकोला, थाना मोहनपुर, जिला देवघर तथा सूरज कुमार मंडल निवासी मालभंडारो, थाना मुफस्सिल, जिला दुमका के रूप में हुई है। जांच में पता चला कि आरोपी खुद को गूगल पे, फोनपे और पेटीएम के कस्टमर केयर अधिकारी बताकर कैशबैक का लालच देते थे। इसके अलावा पीएम किसान योजना, बिजली बिल और आरटीओ चालान के नाम पर एपीके फाइल भेजकर लोगों के मोबाइल का एक्सेस हासिल कर बैंक खातों से ठगी करते थे।

योगा चैंपियनशिप : विजेता खिलाड़ियों को मिला सम्मान

देवघर संताल एक्सप्रेस । जिला योगा संघ, देवघर के तत्वावधान में आयोजित 6वीं जिला योगा चैंपियनशिप का सफल समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार एवं अति विशिष्ट अतिथि जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष ध्रुव सिंह उपस्थित रहे। जिला योगा संघ के सचिव बिप्लव विश्वास ने दोनों अतिथियों का बुके एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ियों को जिला योगा संघ के अध्यक्ष रितेश केसरी, जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा, देवघर जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा तथा जिला वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि संतोष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जिला योगा संघ लगातार खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध करा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। अति विशिष्ट अतिथि ध्रुव सिंह ने कहा कि देवघर में खेलों का वातावरण लगातार बेहतर हो रहा है। योग के क्षेत्र में यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं, जो पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। समारोह के दौरान जिला योगा संघ के सूरज केसरी, मोहित केसरी, गौतम, फूल कुमारी, पायल कुमारी सहित संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा खिलाड़ियों और अभिभावकों ने इसकी सराहना की।

रेलवे आसनसोल-पटना और आसनसोल-गोरखपुर के बीच अनारक्षित विशेष ट्रेनों का परिचालन करेगा

देवघर संताल एक्सप्रेस । श्रावणी मेला एक पवित्र धार्मिक आयोजन है, जो देश के विभिन्न भागों से आने वाले असंख्य श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। श्रावण मास में आयोजित होने वाला यह महापर्व भगवान शिव के प्रति श्रद्धा एवं आस्था का प्रतीक है। इस पावन अवसर के महत्व तथा श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल श्रावणी मेला विशेष (अनारक्षित) तथा 03527/03528 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला विशेष (अनारक्षित) ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया है। 03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला विशेष (अनारक्षित) 29.07.2026 से 29.08.2026 तक प्रतिदिन (कुल 32 फेरे) 17.00 बजे आसनसोल से प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 02.30 बजे पटना पहुँचेगी। वापसी में 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला विशेष (अनारक्षित) 30.07.2026 से 30.08.2026 तक प्रतिदिन (कुल 32 फेरे) 03.30 बजे पटना से प्रस्थान कर उसी दिन 13.00 बजे आसनसोल पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में आसनसोल मंडल के चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह एवं सिमुलतला स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी (जनरल सेकेंड क्लास) के अनारक्षित कोच उपलब्ध रहेंगे। 03527 आसनसोल-गोरखपुर श्रावणी मेला विशेष (अनारक्षित) 29.07.2026 से 29.08.2026 तक प्रतिदिन (कुल 32 फेरे) 21.00 बजे आसनसोल से प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 11.00 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। वापसी में 03528 गोरखपुर-आसनसोल श्रावणी मेला विशेष (अनारक्षित) 30.07.2026 से 30.08.2026 तक प्रतिदिन (कुल 32 फेरे) 16.15 बजे गोरखपुर से प्रस्थान कर अगले दिन 08.20 बजे आसनसोल पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में आसनसोल मंडल के चित्तरंजन, मधुपुर एवं जसीडीह स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में भी सामान्य द्वितीय श्रेणी के अनारक्षित कोच उपलब्ध रहेंगे।

श्रावणी मेले को लेकर आसनसोल मंडल विशेष मेमू, डेमू और पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन करेगा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । श्रावणी मेला-2026 के दौरान कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व रेलवे का आसनसोल मंडल जसीडीह, बैद्यनाथ धाम, देवघर, बासुकीनाथ, गोड्डा एवं जमालपुर को जोड़ने वाली विशेष मेमू, डेमू एवं पैसेंजर ट्रेनों का व्यापक परिचालन करेगा।

ये विशेष ट्रेनें 29.07.2026 से 30.08.2026 तक संचालित की जाएंगी।

जसीडीह-बैद्यनाथ धाम के बीच प्रतिदिन मेमू विशेष सेवाएं (03 जोड़ी ट्रेनें 7 33 फेरे)

बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जसीडीह जंक्शन प्रमुख रेलवे प्रवेश द्वार है। जसीडीह जंक्शन एवं बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशन के बीच सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन तीन जोड़ी मेमू विशेष ट्रेनों का कुल 33 फेरों में परिचालन किया जाएगा।

- 03501 जसीडीह-बैद्यनाथ धाम मेमू विशेष
- 03502 बैद्यनाथ धाम-जसीडीह मेमू विशेष
- 03503 जसीडीह-बैद्यनाथ धाम मेमू विशेष
- 03504 बैद्यनाथ धाम-जसीडीह मेमू विशेष
- 03505 जसीडीह-बैद्यनाथ धाम मेमू विशेष
- 03506 बैद्यनाथ धाम-जसीडीह मेमू विशेष

संक्षिप्त समय-सारणी-

03501/03503/03505 जसीडीह-बैद्यनाथ धाम मेमू विशेष जसीडीह से 04.25 बजे, 13.40 बजे एवं 21.25 बजे प्रस्थान करेगी तथा बैद्यनाथ धाम 04.45 बजे, 13.57 बजे एवं 21.45 बजे पहुंचेगी।

03502/03504/03506 बैद्यनाथ धाम-जसीडीह मेमू विशेष बैद्यनाथ धाम से 04.55 बजे, 14.07 बजे एवं 22.05 बजे प्रस्थान करेगी तथा जसीडीह 05.15 बजे, 14.25 बजे एवं 22.25 बजे पहुंचेगी। उक्त मेमू विशेष ट्रेनें जसीडीह एवं बैद्यनाथ धाम के मध्य सत्संग नगर हॉल्ट स्टेशन पर भी ठहरेंगी।

देवघर-जसीडीह के बीच प्रतिदिन मेमू विशेष सेवा (01 जोड़ी)

देवघर रेलवे स्टेशन एवं जसीडीह जंक्शन के बीच बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन एक जोड़ी मेमू विशेष ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।

- 03507 देवघर-जसीडीह मेमू विशेष - प्रस्थान 08.40 बजे, आगमन 09.00 बजे
- 03508 जसीडीह-देवघर मेमू विशेष - प्रस्थान 22.40 बजे, आगमन 23.00 बजे

जसीडीह-बासुकीनाथ के बीच प्रतिदिन मेमू विशेष सेवाएं (03 जोड़ी ट्रेनें 7 33 फेरे)

बाबा बैद्यनाथ धाम में दर्शन के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा बासुकीनाथ धाम की यात्रा भी करते हैं। इस पारंपरिक तीर्थ यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रतिदिन तीन जोड़ी मेमू विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

- 03509 जसीडीह-बासुकीनाथ मेमू विशेष
- 03510 बासुकीनाथ-जसीडीह मेमू विशेष
- 03513 जसीडीह-बासुकीनाथ मेमू विशेष
- 03514 बासुकीनाथ-जसीडीह मेमू विशेष
- 03515 जसीडीह-बासुकीनाथ मेमू विशेष
- 03516 बासुकीनाथ-जसीडीह मेमू विशेष

संक्षिप्त समय-सारणी

03509/03513/03515 जसीडीह-बासुकीनाथ मेमू विशेष जसीडीह से 09.20 बजे, 12.50 बजे एवं 19.10 बजे प्रस्थान करेगी तथा बासुकीनाथ 10.40 बजे, 14.10 बजे एवं 20.30 बजे पहुंचेगी।

03510/03514/03516 बासुकीनाथ-जसीडीह मेमू विशेष बासुकीनाथ से 11.10 बजे, 17.30 बजे एवं 21.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा जसीडीह 12.30 बजे, 18.50 बजे एवं 22.20 बजे पहुंचेगी। ये विशेष ट्रेनें मार्ग के सभी स्टेशनों पर ठहरेंगी। बासुकीनाथ-देवघर के बीच प्रतिदिन मेमू विशेष सेवा (01 जोड़ी ट्रेन 7 33 फेरे)

बासुकीनाथ एवं देवघर के बीच सीधी रेल संपर्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिदिन एक जोड़ी मेमू विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।

- 03517 बासुकीनाथ-देवघर मेमू विशेष - प्रस्थान 14.40 बजे, आगमन 15.40 बजे
- 03518 देवघर-बासुकीनाथ मेमू विशेष - प्रस्थान 16.00 बजे, आगमन 17.00 बजे

ये विशेष ट्रेनें मार्ग के सभी स्टेशनों पर ठहरेंगी।

जमालपुर-देवघर के बीच साप्ताहिक पैसेंजर विशेष सेवा (प्रत्येक रविवार 7 05 फेरे)

बिहार एवं आसपास के क्षेत्रों से अतिरिक्त रेल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए 02.08.2026 से 30.08.2026 तक प्रत्येक रविवार निम्नलिखित पैसेंजर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

- 03442 जमालपुर-देवघर पैसेंजर विशेष - प्रस्थान 05.10 बजे, आगमन 10.10 बजे
- 03441 देवघर-जमालपुर पैसेंजर विशेष - प्रस्थान 15.45 बजे, आगमन 22.25 बजे

ये विशेष ट्रेनें मार्ग के सभी स्टेशनों पर ठहरेंगी।

देवघर-गोड्डा के बीच साप्ताहिक पैसेंजर विशेष सेवा (प्रत्येक रविवार 7 05 फेरे)

02.08.2026 से 30.08.2026 तक प्रत्येक रविवार निम्नलिखित पैसेंजर विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा।

- 03443 गोड्डा-देवघर पैसेंजर विशेष - प्रस्थान 13.15 बजे, आगमन 15.20 बजे
- 03444 देवघर-गोड्डा पैसेंजर विशेष - प्रस्थान 10.45 बजे, आगमन 12.40 बजे

ह्यह्यइन अतिरिक्त रेल सेवाओं से लाखों कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम होगी, भीड़भाड़ में कमी आएगी, तीर्थस्थलों तक पहुंच बेहतर होगी तथा पूरे श्रावणी मेला अवधि के दौरान यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

मूसलाधार बारिश ने खोली बरहरवा नगर पंचायत की तैयारियों की पोल, सड़कें बनीं नहर, घर-दुकानों में घुसा पानी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा- दो दिनों हुई लगातार मूसलाधार बारिश ने बरहरवा नगर पंचायत की मानसून तैयारियों की पोल खोलकर रख दी. नगर के कई वार्डों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मुख्य सड़कें, गलियां और बाजार जलमग्न हो गए. कई स्थानों पर हालात ऐसे बन गए कि सड़कें नहर जैसी दिखाई देने लगीं और लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया. स्थानीय लोगों के अनुसार नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से बारिश का पानी निकल नहीं सका. जिससे पानी घरों और दुकानों में घुस गया.बारिश के कारण बाजार क्षेत्र, निचले इलाकों और कई वार्डों में घंटों तक जलजमाव बना रहा। वाहन चालकों को भारी परेशानी का

सामना करना पड़ा, जबकि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और व्यापारियों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई. कई लोगों ने नगर पंचायत से नियमित नाला सफाई, जल निकासी व्यवस्था में सुधार तथा स्थायी समाधान की मांग की.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष मानसून में यही स्थिति उत्पन्न होती है. लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है. लोगों का आरोप है कि यदि मानसून से पहले नालियों की बेहतर सफाई और जल निकासी की व्यवस्था की जाती तो इतनी बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता.नगरवासियों ने प्रशासन और नगर पंचायत से जल्द जलजमाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने की मांग की है.

शिक्षा व्यवस्था में सुधार व सोनम वांगचुक के समर्थन में बरहेट में युवाओं का निकाला मार्च

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - बरहेट के वी इंडियन क्लब के तत्वावधान में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग को लेकर शांतिपूर्ण मार्च निकाला गया. क्लब के अध्यक्ष जुनेद आलम के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. मार्च नवाब चौक से शुरू होकर शिवगादी चौक, मेन रोड, तिनमोहानी सहित अन्य मार्ग का भ्रमण कर समापन हुआ. मार्च विशेष रूप से नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर घटित हालिया घटनाक्रम के विरोध में और लद्दाख के प्रसिद्ध शिक्षा सुधारक व पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक के समर्थन में आयोजित किया गया था. मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि

अनशन पर बैठे सोनम वांगचुक की समस्याओं का तत्काल और उचित निवारण किया जाए. उनकी जायज मांगों को पूरा करते हुए प्रशासन सम्मानजनक तरीके से उनका अनशन समाप्त करवाए. साथ ही देश की शिक्षा व्यवस्था में जमीनी स्तर पर सुधार लाने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया.मौके पर मौजूद शांतिपूर्ण मार्च को सफल बनाने में मुख्य रूप से जुनेद आलम, वसीम आलम, समीर, सारिक, तंजीर, राकेश, अविनाश, अनिल, अक्षय, अमन सहित बड़ी संख्या में क्लब के सदस्य और अन्य मौजूद थे.

पीएचईडी सचिव पर एक घंटे में निरीक्षण की खानापूर्ति का आरोप, समाजसेवी ने राज्यपाल और मुख्य सचिव से की शिकायत

- साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना का मामला

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - साहिबगंज के समाजसेवी सिधेश्वर मंडल ने साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना मामले को लेकर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्य सचिव झारखंड सरकार को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है.उन्होने बताया कि ङ्ख.क्क(क्क्रु) ह्य- 667/2018 सिधेश्वर मंडल बनाम झारखंड राज्य में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड रांची द्वारा दिनांक 25-06-2026 को पारित आदेश के आलोक में सरकार के सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना का स्थल निरीक्षण करना था.शिकायत के अनुसार सचिव महोदय का पत्रांक- 1677/ दिनांक 06-07-2026 और कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज के पत्रांक- 872/ दिनांक 09-07-2026 के द्वारा 13-07-2026 को निरीक्षण की सूचना दी गई थी. लेकिन पत्र में यह उल्लेख नहीं था कि किस समय से किस वार्ड से निरीक्षण शुरू होगा.याचिकाकर्ता सिधेश्वर मंडल का आरोप है कि 13-07-2026 को सचिव ने साहिबगंज शहरी जलापूर्ति योजना का निरीक्षण पहले न करके, तालझारी प्रखंड के बुसरी पहाड़ और राजमहल प्रखंड के पूर्वी नारायणपुर बेंगडुबी में चल रहे जल जीवन मिशन योजना का निरीक्षण किया.लगभग 2¬30 बजे कार्यपालक अभियंता द्वारा फोन कर उन्हें सर्किट हाउस बुलाया. वहां डीसी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, नगर परिषद अध्यक्ष की उपस्थिति में समीक्षा बैठक हुई.बैठक में ही बताया गया कि उक्त योजना में संवेदक को 6,40,23,705 रुपये अधिक भुगतान कर दिया गया है. सकरीगली घाट में इनटेक वेल-कम-पंप हाउस और गैंगवे अप्रोच ब्रिज के निर्माण में 3,49,53,362 रुपये खर्च कर स्थल परिवर्तन कर दिया गया और नए स्थल पर इनटेक वेल अप्रोच ब्रिजका निर्माण में 5,75,86,980 रुपये व्यय किए गए. जिसमें घटिया निर्माण के प्रमाण भी सचिव के समक्ष रखे गए.लेकिन यह कहकर लौटा दिया गया कि यह मामला हाईकोर्ट से संबंधित नहीं है.शिकायत में कहा गया है कि लगभग 3¬30 बजे स्थल निरीक्षण शुरू हुआ और 28 वार्डों में से मात्र वार्ड नंबर-16 के इमली टोला, वार्ड-05 के अंजुमन नगर, वार्ड-25 के जिरवाबाड़ी थाना के समीप जल मीनार और पंचमुखी मंदिर के समीप घर तथा पोखरिया टाउन हॉल के समीप वाटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण कर लगभग 4¬30 बजे, यानी मात्र एक घंटे में

बरहरवा में जेएलकेएम की बैठक , अमरजीत बने प्रखंड अध्यक्ष, हरीश कुमार उपाध्यक्ष

बरहरवा-झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक रविवार को बरहरवा स्थित होटल में आयोजित की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करना, नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ना तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए सशक्त नेतृत्व का चयन करना था. बैठक की अध्यक्षता पार्टी के साहिबगंज जिलाध्यक्ष अर्जुन महतो ने की. इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में नए सदस्यों ने भाग लिया.बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो की विचारधारा और संगठनात्मक कार्यशैली से प्रभावित होकर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया.बैठक में सर्वसम्मति से अमरजीत कुमार को बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष तथा हरीश कुमार महतो को प्रखंड उपाध्यक्ष चुना गया. वहीं पतना प्रखंड अध्यक्ष के रूप में सुंदरा पहाड़िया का चयन किया गया.

आसनसोल आर पटना आर से आसनसोल आर गोरखपुर ताला रे श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

दारायकान श्रावणी मेला ताला रे सांगाड़ियाकोवाक् बांड़ती भीड़ दाराम लागित् ते, **03511/03512 आसनसोल–पटना–आसनसोल आर 03527/03528 आसनसोल–गोरखपुर–आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन** लातार रे ओलाकान हुडिञ सोमोयटेवान, हिजुक्-सेनोक् रेयाक् दिनको, तेंगोन आर गोठेन लेका रे चालावोक्आः-

आसनसोल–पटना–आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल

आसनसोल–पटना			(03511) (03512)	पटना–आसनसोल		
दिन	सेटेरोक्आ	लाड़ाक्आ	स्टेशन	सेटेरोक्आ	लाड़ाक्आ	दिन
दिन 1	–	17.00	↓ आसनसोल	13.00	–	दिन 1
	18.15	18.17	मधुपुर	10.44	10.46	
	19.15	19.25	जसीडीह	10.10	10.20	
	22.40	22.42	किऊल ↑	06.28	06.30	
दिन 2	02.30	–	पटना	–	03.30	

चेतान रे ओलाकान स्पेशल ट्रेन दो बानार नाखा खोन डाहार रे चित्तरंजन, सिमुलतला, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मनकठा, बड़हिया, हाथीदा, मोकामा, बाढ़, बि तयारपुर, खुसरूपुर, फतुहा, पटना साहेब आर राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनको रे हों तेंगोना। **हिजुक्-सेनोक् रेयाक् तारीकको/दिनः आसनसोल खोन 03511** - दिनाम माहित 29.07.2026 खोन 29.08.2026 हाबिच् = 32 ट्रिप आर **पटना खोन 03512** - दिनाम माहित 30.07.2026 खोन 30.08.2026 हाबिच् = 32 ट्रिप। **गोठेनः** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 20 आर एसएलआरडी - 02 = 22 कोच। **कैटेगरीः** मेल/एक्सप्रेस। (जीएस) - 20 आर एसएलआरडी - 02 = 22 कोच। कैटेगरीः मेल/एक्सप्रेस।

आसनसोल–गोरखपुर–आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल

आसनसोल–गोरखपुर			(03527) (03528)	गोरखपुर–आसनसोल		
दिन	सेटेरोक्आ	लाड़ाक्आ	स्टेशन	सेटेरोक्आ	लाड़ाक्आ	दिन
दिन 1	–	21.00	↓ आसनसोल	08.20	–	दिन 2
	22.20	22.22	मधुपुर	05.10	05.12	
	23.25	23.35	जसीडीह	04.32	04.42	
दिन 2	03.10	03.20	बरौनी	00.35	00.45	दिन 1
	05.20	05.25	हाजीपुर	21.05	21.10	
	11.00	–	गोरखपुर ↑	–	16.15	

चेतान रे ओलाकान स्पेशल ट्रेन दो बानार नाखा खोन डाहार रे चित्तरंजन, झाझा जमुई, किऊल, बछवारा जंक्शन, शाहपुर पटोरी, सोनपुर, दिघवारा, छपरा, सिवान आर देवरिया सदर स्टेशनको रे हों तेंगोना। **हिजुक्-सेनोक् रेयाक् तारीकको/दिनः आसनसोल खोन 03527** - दिनाम माहित 29.07.2026 खोन 29.08.2026 हाबिच् = 32 ट्रिप आर **गोरखपुर खोन 03528** - दिनाम माहित 30.07.2026 खोन 30.08.2026 हाबिच् = 32 ट्रिप। **गोठेनः** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 20 आर एसएलआरडी - 02 = 22 कोच। **कैटेगरीः** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

साहिबगंज में सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार की सुबह से लगातार मूसलाधार बारिश जारी है. भारी वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है. लोग आवश्यक कार्यों को छोड़कर घरों में ही रहने को मजबूर हैं. सड़कों पर लोगों का आवागमन कम हो गया है तथा कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति हो गई है.वही कई मुहल्लों में नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा है.साथ ही कई सड़क जलमग्न हो गया है.दिनभर हुई बारिश के कारण बाजारों में विरानी छाई रही.

मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे खिले साहिबगंज सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं. लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को इस वर्षा से बड़ी राहत मिली है.वही धानरोपनी में तेजी सहित खरीफ फसलों को फायदा होने की उम्मीद है. हालांकि भारी बारिश के कारण कुछ जगहों पर जलजमाव की स्थिति भी बन गई है. लेकिन किसानों ने इसे खेती के लिए बेहद लाभकारी बताया.

मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं शत-प्रतिशत प्रमाणिक बनाने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग पर दिया गया विशेष जोर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - जिला समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर-2026 के सफल संचालन एवं मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए-1 के साथ बैठक हुई.बैठक को संबोधित करते हुए डीसी दीपक कुमार दुबे ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है. जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है.उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करने की अपील की.उन्होने बताया कि 22 जुलाई 2026 को सुबह 11 बजे सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ ,

बीएलए-2 एवं ईएलसी के सदस्यों की तृतीय बैठक का आयोजन किया जाएगा. इस बैठक में प्रारूप मतदाता सूची एवं एएसडीडीएफ सूची पहले से नामांकित/डुप्लिकेट, मृत्यु, स्थायी रूप से स्थानांतरित, पता न चलने योग्य/अनुपस्थित और गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार का संयुक्त सत्यापन किया जाएगा.उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं से अधतन गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए हैं, उनसे शीघ्र संपर्क कर प्रपत्र प्राप्त कर संबंधित बीएलओ के पास जमा कराने हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक की कार्यवाही (एमओएम) को पूर्ण रूप से तैयार कर ईसीआई नेट पोर्टल पर समयबद्ध अपलोड करने का निर्देश भी दिया गया है.उन्होने कहा कि स्वच्छ, पारदर्शी एवं विश्वसनीय मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है. सभी संबंधित अधिकारी, बीएलओ, राजनीतिक दल एवं आम नागरिक समन्वित प्रयासों से इस अभियान को सफल बनाएं. ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा अपात्र नामों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके.बैठक में अपर समाहर्ता विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन आईन्द, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुदिनी टुडू एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

राजमहल-तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के फरार अभियुक्त के घर सोमवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया. मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पोखरिया पत्थर चपटी निवासी अमजेद अंसारी, पिता शमशेर अंसारी न्यायालय, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी का सीसी नंबर-421/2022 से निर्गत इश्तिहार को विधिवत तामील किया गया. मौके पर तीनपहाड़ थाना के एसआई नारद कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

रेलवे पैदल पुल पर बाइक चलाने पर तीन बाइक चालकों पर जुर्माना

तीनपहाड़ - रेलवे के वरीय अधिकारी के निदेशानुसार मालदा रेल मंडल के तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर बना पैदल पुल पर सोमवार को बाइक चलाकर जाने आने वाले लोगो पर आरपीएफ ने जुर्माना लगाया. इस दौरान बाइक चलाकर तीनपहाड़ से बाबूपाड़ा और बाबूपाड़ा कि तरफ से तीनपहाड़ आने जाने वाले लोगो पर जुर्माना लगाया गया. इस दौरान आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के एएसआई रमेश कुमार और हेड कांस्टेबल बीके यादव ने पैदल पुल से बाइक चलाकर कर पार करने वालो 3 बाइक चालकों से 1500 रुपया जुर्माना वसूला गया.साथ ही कहा कि यह रेल यात्रियों को जाने आने के लिये पैदल पुल है न कि बाइक चलाने के लिये.

ट्रांसफार्मर जलने से महादेववरण गांव ब्लैक आउट

संताल एक्सप्रेस संवाददाता मंडरो- मंडरो प्रखंड क्षेत्र के महादेववरण शिव मंदिर के निकट स्थित 200 केभीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण तीन दिनों से पूरा गांव मे अंधकार पसरा हुआ है. जिस कारण उपभोक्ता परेशान है. साथ ही रात में बच्चों का पढ़ाई प्रभावित हो रही है.जबकि रात में पूरे गांव में अंधकार होने के कारण चोर उचक्कों का डर लगा रहता है.वहीं बारिश के कारण जहरीला जीव जंतुओं का भी डर लोगों में बना हुआ है. 72 घंटा हो जाने के बावजूद ट्रांसफार्मर जल जाने की जानकारी विभाग को दे देने के बाद भी अभी तक इस पर कोई सुनवाई नहीं हो पाई है.

संत घोष ने सांसद विजय हांसदा को अयोग्य घोषित करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को भेजा पत्र

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा को संसद सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित/निष्कासित करने एवं डीलिस्टिंग के संबंध में लोकसभा के अध्यक्ष को एक पत्र संत कुमार घोष ने भेजा है.?इस संबंध में जानकारी देते हुए हिन्दू धर्म रक्षा मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने बताया कि राजमहल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है. संविधान में यह व्यवस्था मूल प्रकृति-पूजक आदिवासी समाज के सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की रक्षा के उद्देश्य से की गई है.?संत कुमार घोष ने पत्र के माध्यम से निम्नलिखित मुख्य बिंदु उठाए हैं.उन्होने बताया कि सांसद विजय हांसदा का आचरण एवं वैवाहिक जीवन पूरी तरह से मसीही (ईसाई) परंपराओं के अनुसार संचालित हो रहा है.फरवरी 2020 में उनका प्रथम विवाह ईसाई रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था तथा वर्ष 2024 में उनकी दिवंगत पत्नी का अंतिम संस्कार भी बरहरवा में ईसाई परंपरा के तहत् किया गया. हाल ही में उनका दूसरा विवाह भी रांची स्थित संत पॉल कैथेड्रल चर्च में पादरी की उपस्थिति में मसीही रीति-रिवाज से संपन्न हुआ है.मूल अधिकारों का हनन¬ धर्म परिवर्तन कर अपनी मूल संस्कृति व रूढ़िवादी परंपरा को त्याग चुके व्यक्ति द्वारा एसटी आरक्षित सीट का प्रतिनिधित्व करना मूल आदिवासी समाज के अधिकारों का हनन है. इससे अल्पसंख्यक एवं अनुसूचित जनजाति के रूप में दोहरे लाभ की स्थिति उत्पन्न होती है. जो वास्तविक हकदारों के साथ अन्याय है.संत कुमार घोष ने माननीय लोकसभा अध्यक्ष से मांग की है कि इन तथ्यों की समीक्षा करते हुए सांसद विजय हांसदा को राजमहल (एसटी) आरक्षित सीट से अयोग्य घोषित करने हेतु आवश्यक कानूनी व संवैधानिक कार्यवाही की जाए.

कार्यालय, क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, संताल परगना क्षेत्र, दुमका।

''सूचना''

विभागीय राज्यादेश संख्या–08 रा0 (वि0), दिनांक–05/06/2026 के क्रम में ''प्रसार एवं प्रशिक्षण'' की योजना के तहत् पशुपालकों के प्रशिक्षण हेतु क्षेत्र के पशुपालकों/ पशुपालन में रूचि रखनेवाले बेरोजगार युवकों/युवतियों को विभिन्न विषयान्तर्गत– कुक्कुटपालन (बत्तख, ब्रायलर, कुक्कुट, बैकयार्ड लेयर सहित), सूकरपालन, बकरीपालन तथा भेड़पालन के संबंध में तकनीकी/व्यवहारिक ज्ञान उपलब्ध कराने के निमित्त वित्तीय वर्ष 2026–27 में पाँच दिवसीय आवासीय पशुपालक प्रशिक्षण **27 जुलाई 2026** से क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन कार्यालय परिसर में अवस्थित अस्थायी पशुपालन प्रशिक्षण केन्द्र, रेफरल पशु अस्पताल, दुमका में (दुमका सदर प्रखण्ड के समीप) संचालित किया जायेगा।

उल्लेखित प्रसार एवं प्रशिक्षण की योजना के तहत् संताल परगना क्षेत्र के सभी छः जिलों यथा दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़, देवघर एवं गोड्डा के बेरोजगार इच्छुक युवक/युवतियाँ निम्न शर्त्तों के साथ प्रशिक्षण में भाग ले सकते है।

1. प्रत्येक परिवार से एक सदस्य ही प्रशिक्षण के लिए नामित किए जायेंगे। वित्तीय वर्ष 2023–24, 2024–25 एवं 2025–26 के प्रशिक्षण सत्र में किसी भी विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पशुपालकों का चयन नहीं किया जायेगा।
2. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत लाभुकों विशेषकर युवक/युवतियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण हेतु चयन किया जायेगा।
3. पशुपालक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु विहित आवेदन पत्र जिला के संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर आवेदन पत्र/निबंधन पत्र के माध्यम से संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी को आवेदन करेंगे तथा संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा अनुशंसा के साथ ही आवेदन क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन कार्यालय, संताल परगना क्षेत्र, दुमका को प्रशिक्षण के निर्धारित समय सारणी से पूर्व हार्डकॉपी में उपलब्ध कराया जायेगा।
4. आवेदक/आवेदिका साक्षर (जिन्हें लिखना पढ़ना आता हो) होना आवश्यक है। उनकी उम्र सीमा 01/08/2026 को न्यूनतम 18 वर्ष से कम एवं अधिकतम 60 वर्ष से अधिक न हों। आवेदक अपने आवेदन के साथ तीन अलग से रंगीन नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक का स्वअभिप्रमाणित स्पष्ट छायाप्रति प्रस्तुत करेंगे। अपठनीय अभिलेख (Document) स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
5. प्रत्येक विषय–वस्तु की प्रशिक्षण अवधि पाँच दिवसीय होगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को भोजन एवं आवासन की व्यवस्था क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, संताल परगना क्षेत्र, दुमका द्वारा अस्थायी पशुपालन प्रशिक्षण केन्द्र, रेफरल पशु अस्पताल, दुमका में की जायेगी।
6. सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी राशि (आवंटन) के आधार पर प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए संबंधित प्रखण्ड मुख्यालय से प्रशिक्षण केन्द्र तक आने–जाने का मार्ग व्यय/वास्तविक भाड़ा भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण भत्ता के रूप में प्रति प्रशिक्षणार्थी को रू0 200/- प्रतिदिन की दर से कुल पाँच दिनों का प्रशिक्षण भत्ता 5 दिन X 200/- = कुल 1000/- रू0 राशि का भुगतान प्रशिक्षणोंपरान्त प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी के Payee ID के माध्यम से बैंक खाता संख्या में किया जायेगा। विदित हो कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण केन्द्र में किसी भी प्रकार की नगद राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।
7. कोई भी महिला प्रशिक्षणार्थी अपने बच्चे के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने नहीं आयेगी अन्यथा उनका अनुशंसित आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
8. बीमार प्रशिक्षणार्थी का चयन नहीं किया जायेगा। बीमार प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण में भाग नहीं लेंगे।
9. अनुशासनहीन/उदण्ड प्रशिक्षणार्थियों का आवेदन निरस्त करते हुए उन्हें कानूनी व्यवस्था के तहत उचित कार्रवाई हेतु स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित किया जायेगा।
10. लाभुक प्रशिक्षण कार्यक्रम के जानकारी हेतु संबंधित जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क करेंगे।

ह0/–
क्षेत्रीय निदेशक,
पशुपालन, संताल परगना क्षेत्र, दुमका।

PR 385322 (Animal Husbandry) 26-27 (D)

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, दुमका

॥ आम सूचना ॥

वित्तीय वर्षः– 2026–27 में दो चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन निर्गत स्वीकृत्यादेश–10/रा0 (वि0) दिनांक– 08.06.2026 के आलोक में निदेशक, पशुपालन, झारखण्ड, राँची के आवंटन आदेश ज्ञापांक– 20/आ0, दिनांक– 29.06.2026 द्वारा प्राप्त दिशानिर्देशों के तहत जिलान्तर्गत सभी प्रंखडो के 206 पंचायतों में प्रथम चरण में चिन्हित किये गये निम्नांकित ग्राम/पंचायतों में तिथिवार दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

क्रमांक	प्रखण्ड	पंचायत का नाम	शिविर स्थल	शिविर की तिथि	पशु चिकित्सा पदाधिकारी का नाम	मो0 नं0
1	रानेश्वर	तालडंगाल	लैया	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 विवेकानन्द मण्डल	9934565661
2		महोलबना	कदमा	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 विवेकानन्द मण्डल	9934565661
3		धानभाषा	लटुलिया	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 विवेकानन्द मण्डल	9934565661
4		आसनबनी	आसनबनी कुम्हारपाडा	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 विवेकानन्द मण्डल	9934565661
5		हरिपुर	पाकुडिया	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 माईकल सोरेन	9661468473
6		पाटजोर	पहाड़पुर	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 माईकल सोरेन	9661468473
7		सुखजोड़ा	एकतला	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 माईकल सोरेन	9661468473
8		पाथरा	रानीग्राम	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 माईकल सोरेन	9661468473
9	काठीकुण्ड	कदमा	करनपुर	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 मो0 दिलशाद सरवर	6204848220
10		पंदनपहाड़ी	बाघासोल	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 मो0 दिलशाद सरवर	6204848220
11		तेलियाचक बाजार	नयाडीह	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 मो0 दिलशाद सरवर	6204848220
12		आसनपहाड़ी	दुबायडीह	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 मो0 दिलशाद सरवर	6204848220
13	गोपीकान्दर	ओड़मो	मधुबन	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 सतीश बेसरा	9608117738
14		मूसना	धरमपुर	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 सतीश बेसरा	9608117738
15		कुश्चिरा	दुर्गापुर	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 सतीश बेसरा	9608117738
16		गोपीकान्दर	दुबराजपुर	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 सतीश बेसरा	9608117738
17	दुमका	रानीबहाल	देवानबाड़ी	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 पियुष मिंज	8789407168
18		दरबारपुर	मुर्गाथली	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 पियुष मिंज	8789407168
19		पाटसिमला	डामरी	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 पियुष मिंज	8789407168
20		रामपुर	सागबेहरी	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 विध्या भूषण कुमार	8709705002
21		बेहराबांक	जोगीडीह	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 विध्या भूषण कुमार	8709705002
22	दुमका	घासीपुर	शहरघाटी	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 विध्या भूषण कुमार	8709705002
23		गोलपुर	झोपा	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 विध्या भूषण कुमार	8709705002
24	रामगढ़	अमरपुर	अमरपुर	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 देवप्रसाद	8002389628
25		लतबेरवा	पुर्णिया	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 देवप्रसाद	8002389628
26		भतुड़िया–A	केचुवा	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 देवप्रसाद	8002389628
27		काँजो	सिमरा	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 देवप्रसाद	8002389628
28		गंगवारा	सुडीगम्हरिया	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 सुजीत कुमार	8002389628
29		भतुड़िया-B	सारमी	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 सुजीत कुमार	9304192798
30		भालसुमर	मोचीखमार	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 सुजीत कुमार	9304192798
31		बड़ीरणबहियार	बगबिन्णा	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 सुजीत कुमार	9304192798
32	सरैयाहाट	चरकापाथर	पथरिया	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 शंकर टुडू	7903792805
33		माथाकेशी	बाघमारी	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 शंकर टुडू	7903792805
34		धौनी	सुमेता	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 शंकर टुडू	7903792805
35		पथरा	अस्सीखँदा	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 शंकर टुडू	7903792805
36	मसलिया	आमगाछी	आमगाछी	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 अवलेशकु. विद्यार्थी	9431902307
37		दलाही	करमाटांड	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 अवलेशकु. विद्यार्थी	9431902307
38		बेलियाजोर	फुटबेरिया	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 अवलेशकु. विद्यार्थी	9431902307
39		कुसुमघाटा	शादीपुर	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 अवलेशकु. विद्यार्थी	9431902307
40	शिकारीपाड़ा	शिकारीपाडा	गोपालपुर	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 बालमुकुन्द कुमार	9835345694
41		मुडायाम	मुडायाम	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 बालमुकुन्द कुमार	9835345694
42		कुशपहाडी	लॉगोपहाडी	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 बालमुकुन्द कुमार	9835345694
43		बरमसिया	भालकी	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 बालमुकुन्द कुमार	9835345694
44	जरमुंडी	पहरीडीह	जमुआ	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 सत्येन्द्र कुमार चौधरी	7903912732
45		जोंका	कतरिया	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 सत्येन्द्र कुमार चौधरी	7903912732
46		तेतरीया	कुशमाहा	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 सत्येन्द्र कुमार चौधरी	7903912732
47		कालाडुमरिया	अम्बा	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 सत्येन्द्र कुमार चौधरी	7903912732
48		चमाराबहियार	पलसिया	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 पंकज कुमार सिन्हा	9234467210
49		बनवारा	बान्धडीह	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 पंकज कुमार सिन्हा	9234467210
50		खरविला	खरबिला	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 पंकज कुमार सिन्हा	9234467210
51		राजासिमरिया	खुटहरी	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 पंकज कुमार सिन्हा	9234467210
52		हरिपुरबाजार	बामनपहाड़ी	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 शिवनरायण किस्कु	9304946439
53		हथनामा	गडियारी	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 शिवनरायण किस्कु	9304946439
54		बरमसिया	बरमसिया	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 शिवनरायण किस्कु	9304946439
55		झनकपुर	झनकपुर	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 शिवनरायण किस्कु	9304946439
56	जामा	तपसी	अगोइया	22.07.2026 से 23.07.2026	डॉ0 मो0 आसीफ अहमद	8294951462
57		सिमरा	भोडाबदर	24.07.2026 से 25.07.2026	डॉ0 मो0 आसीफ अहमद	8294951462
58		नाचनगड़िया	नाचनगडिया	27.07.2026 से 28.07.2026	डॉ0 मो0 आसीफ अहमद	8294951462
59		चिकिनियाँ	बालाबहियार	29.07.2026 से 30.07.2026	डॉ0 मो0 आसीफ अहमद	8294951462

नोट :– विशेष परिस्थिति में उक्त अंकित शिविर की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
दुमका

PR 385313 Animal Husbandry (26-27)_D

खिलोड गे इञाक् कामी काना, बाहरे रेको काउ-मांउवेत्कान ओना रे धियान गे बाङ : रोहित शर्मा

खोबोरिया

नावां दिल्ली। इंग्लैंड बिरोद लॉर्ड्स रे 138 रन पारीय खिलोडेन भारतीय टीम रेन माड़ाङ रेन कप्तान रोहित शर्मा दोय मेन केदा जे उनीयाक्पुरा धियान एकेन भारतीय टीम लागित् तेय खिलोडा। उनी दोय पुसटाउ केदा जे बाहरे रेको काउ-मांउवेत्कान ओना रे एसेर गे बाङपाड़ावाय काना आर उनीयाक् कामी दो एकेन टान्डी रे दिसामलागित् ते खिलोड गे मोहोतानाक्ए मेतावादा। लॉर्ड्स वनडे मैच खोनपाहिल मीडिया रिपोर्ट्स रे तातले नोङकाये दाबीयेत्कान ताहेंना जेनोआ टूर्नामेंट दो भारती टीम लागित् रोहित शर्मावाक् मुचात् अंतर्राष्ट्रीय मैच होय दाड़ेयाक्आ। मेखान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) रेन सचिव देवजीत सैकिया दो नोआ खोबोर बेस्लिसे मेतावात् ताहेंना। नित मैच तायोम रोहित हों आयाक् काथा रे नोआ काथा दोय मोटामुटीय रोद केदा। बीसीसीआई सेच् खोन ओतेमाहांहिलोक् जारीकेत् वीडियो रे रोहित शर्मा दोय मेन केदा जे इञाक् कामी बैट तें खिलोडा आर टान्डी रे फेड़ कातेत् आपनार दिसामलागित् तेञ खिलोडा। डेब्यू तायोम खोन गे नोआ जिमाबारीकोएमावादिञा आर इञ दो लाहा सेच् नोआ गेञ चेकाया। उनी दोय मेनकेदा जे बाहरे रेयाक् काथा आर रोड़ ते उनीयाक् करियर रेयाक् एतोहोप् खोन गे होयोक् काना आर नोआ ते उनीयाक् हुदिसआर खिलोड रेयाक् तारीका रे चेत् एसेर गे बाङ पाड़ाव लेना। रोहित दोय मेन केदा जे तिन रे नोआ रेञ बोलोयेना, उन खोन गे आडीको रागावेत् काना। तिन हाबिच् इञ खिलोडोक्आ, नोआ दो चालाक् ते गे ताहेंना। ओना इया ते इञ दो चेत् मोतलोब हों बानुक् तिञा।

विधायकए उढ़ाउ केदा पीसीसी सोड़ोक

खोबोरिया

खूंटी। मुरहू प्रखंड रेयाक् बिंदा पंचायत तारी रेयाक् रोड़ो कुबाटोला रे विधायक मद खोन बेनावाकात् पीसीसी रोड दो ओतेमाहां हिलोक् खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा फीता गेत् कातेय उढ़ाउ केदा।सोड़ोक बेनाव कामी पुरावेन ते आतो रेन होड़ दो हिजुक्-सेनोक् रे आडी सुबिताको ञामा आर आसोकायते दाक् दिन होयोक्आक् मुसकिलाक् खोनको रावालेना।

